
हिन्दी दैनिक/डिजिटल

# स्टार एक्सप्रेस

सोच..... बदलते भारत की

www.starexpress.news



## संक्षिप्त समाचार

### बृजभूषण की गिरफ्तारी को लेकर जंतर-मंतर पर किसानों का फूटा गुस्सा

(एजेंसी) सोनीपत । भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह शरण की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पहलवानों के समर्थन में दिल्ली में जंतर-मंतर पहुंचे किसानों का गुस्सा फूट गया और उन्होंने बेरिकेड्स तोड़ डाले। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि तुरंत बृजभूषण सिंह शरण को गिरफ्तार किया जाए। दिल्ली पुलिस किसानों को रोकने का प्रयास करती रही, लेकिन वह विफल रही। फिलहाल जंतर-मंतर पर तनाव की स्थिति बनी हुई थी। इधर किसान और पुलिस के बीच आंख मिचौली का खेल शुरू हो गया है। दिल्ली और हरियाणा पुलिस ने बॉर्डर पर बेरिकेड्स लगा रखे हैं, लेकिन किसान अब ट्रेन का सहारा लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पहुंच रहे हैं। दिल्ली में धरना दे रहे पहलवानों का समर्थन करने के लिए एसकेएम (अराजनैतिक) के पदाधिकारियों व सदस्यों ने सोमवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर जाकर समर्थन देने का निर्णय लिया था। जिसके चलते सोनीपत से एसकेएम (अराजनैतिक) व भारतीय किसान नौजवान यूनियन के सदस्य दिल्ली के लिए रवाना हुए।

### द केरला स्टोरी पर बैन की मांग गलत : शबाना आजमी

(एजेंसी) मुंबई। दिग्गज अदाकारा शबाना आजमी ने सोमवार को कहा कि द केरला स्टोरी पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर रहे लोग उतने ही ''गलत हैं जितने वे लोग जो आमिर खान अभिनीत फिल्म लाल सिंह चड्ढा को रिलीज नहीं होने देना चाहते थे। सुदीप्तो सेन द्वारा निर्देशित द केरला स्टोरी विवादों के बीच पिछले हफ्ते रिलीज हुई थी। उनकी यह टिप्पणी कानून व्यवस्था के मुद्दे और खराब सार्वजनिक प्रतिक्रिया का हवाला देकर तमिलनाडु के मल्टीप्लेक्स द्वारा रविवार से विवादास्पद फिल्म की स्क्रीनिंग रद्द किए जाने के एक दिन बाद आई है। शबाना आजमी ने एक ट्वीट में कहा कि सिर्फ केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड को यह तय करने का अधिकार है कि कोई फिल्म रिलीज होनी चाहिए या नहीं। उन्होंने कहा, जो लोग 'द केरला स्टोरीश् पर प्रतिबंध लगाने की बात करते हैं, वे उतने ही गलत हैं, जितने वे लोग जो आमिर खान की 'लाल सिंह चड्ढा पर प्रतिबंध लगवाना चाहते थे। केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड द्वारा किसी फिल्म को पास कर दिए जाने के बाद किसी को भी अतिरिक्त संवैधानिक प्राधिकरण बनने का अधिकार नहीं है।

### ट्रेन की तरह बस में भी रिजर्व होगी सीट, दिल्ली में चलेगी ऐप-बेस्ड प्रीमियम सर्विस

(एजेंसी) नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार राष्ट्रीय राजधानी की सडकों पर 'प्राइवेट एग्रीगेटर्स के माध्यम से 'प्रीमियम बस सेवा शुरू करने संबंधी योजना को मंजूरी के लिए उपराज्यपाल वीके सक्सेना के पास भेज रही है। केजरीवाल ने उम्मीद जताई कि योजना को मंजूरी मिल जाएगी। मुख्यमंत्री ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''उपराज्यपाल की मंजूरी के बाद हम जनता की प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए 'योजना को ऑनलाइन साझा करेंगे। केजरीवाल ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे, सतर्कता बटन और वातानुकूलित बसें मध्यम और उच्च मध्यम वर्ग को सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करेंगी। उन्होंने कहा कि योजना निर्धारित करती है कि 'एग्रीगेटर्सश् द्वारा तीन वर्ष से अधिक पुरानी किसी भी बस का उपयोग नहीं किया जाएगा।

# निकाय चुनाव : दूसरे चरण में बाराबंकी में दहाड़े सीएम

## अस्सी करोड़ लोगों को फ्री राशन दे रही डबल इंजन की सरकार : योगी

❑ जाति, मजहब नहीं सपा व बसपा का साफ होगा कचरा

(संवाददाता)




लखनऊ । यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज पहुँचे बाराबंकी और भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में लोगों से मतदान की गुजारिश की। उन्होंने आज जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह निकाय चुनाव जाति मजहब को लेकर नहीं बल्कि नगरीय जीवन स्तर को मजबूत करने के लिए है। सपा, बसपा का कचरा साफकरने के लिए है।मुख्यमंत्री ने कहा, डबल इंजन सरकार चेहरा देखकर नहीं बल्कि पात्रता देखकर योजना का लाभ देती है। हम तुष्टीकरण नहीं बल्कि सशक्तिकरण पर ध्यान देते हैं। मुख्यमंत्री आज सोमवार को शहर के राजकीय इंटर कालेज के आडिटोरियम में निकाय चुनावों को लेकर बीजेपी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित पहुँचे थे। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि करीब 65 साल शासन करने वाले लोगों ने नारे बहुत दिए दिए मगर उन्होंने गरीब और महिलाओं के लिए कुछ नहीं किया लेकिन मात्र 9 वर्ष में केंद्र की मोदी सरकार ने लोगों को हर तरह की सुविधा दी। भारत अकेला ऐसा पहला देश है जहां 50 करोड़ गरीबों को मुफ्त इलाज और 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन की व्यवस्था की गई। डबल इंजन सरकार का करिश्मा ही यही है कि चारों तरफ विकास हो रहा है। एक तरफपूर्वांचल एक्सप्रेस वे बन रहा है तो दूसरी ओर बुदेलखंड एक्सप्रेस वे। अब सरकार ने गंगा एक्सप्रेस वे पर अपना काम तेज कर दिया है।

योगी ने कहा कि जनता का आशीर्वाद मिला है उसी वजह से चारों तरफकाम हो रहा है। अयोध्या में इंटरनेशनल एयरपोर्ट बन रहा है।लखनऊ में पहले से एयरपोर्ट मौजूद है। जेवर में भी बड़ा एयरपोर्ट बन रहा है। जिसको जहां से सुविधाजनक हो वहां से यात्रा कर सकता है।सीएम ने कहा, आज यूपी में किसी धार्मिक कार्य पर रोक नहीं लगती है। पहले कावड़ यात्रा पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए जाते थे। आज कावड़ियों पर सरकार पुष्प वर्षा करवा रही है। यही अंतर है अब की सरकार और पिछले सरकार में। यह सरकार किसी के साथ भेदभाव नहीं करती है। निकाय चुनाव के दूसरे चरण का प्रचार करते हुए योगी ने पूर्व सीएम अखिलेश यादव पर जमकर हमला बोला। योगी ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की क्या स्थिति थी। चारों तरफकचड़े का ढेर नजर आता था। बीजेपी सरकार ने नगरीय जीवन को सुलभ बनाने का काम किया है।योगी ने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का एक हास्यास्पद बयान आया है।

# खरगे बोले, मैं कर्नाटक का 'भूमिपुत्र हूं, आखिरी सांस तक गरीबों के लिए लड़ता रहूंगा

(संवाददाता) बेंगलुरु। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव प्रचार के आखिरी दिन सोमवार को यहां मतदाताओं से समर्थन की भावनात्मक अपील करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता इस बात पर गर्व कर सकती है कि राज्य के 'भूमि पुत्रश् के रूप में वह अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हैं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के एक उम्मीदवार द्वारा उन्हें जान से मारने की कथित तौर पर धमकी दिए जाने का हवाला देते हुए कहा कि वह 81 वर्ष के हो चुके हैं और अगर कोई उन्हें मारना चाहता है तो मार सकता है, लेकिन वह अपनी अंतिम सांस तक गरीबों के लिए लड़ाई जारी रखेंगे और उनके हितों की रक्षा का प्रयास करते रहेंगे। कांग्रेस ने हाल ही में एक ऑडियो क्लिप जारी कर आरोप लगाया था कि कलबुर्गी जिले के चित्तापुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार मणिकांत राठौड़ ने खरगे और उनके परिवार की हत्या करने की धमकी दी है। आडियो में राठौड को कन्नड़ में यह कहते हुए सुना जा रहा है कि वह ''खरगे, उनकी पत्नी और बच्चों का सफाया कर देंगे। राठौड़ ने इस आरोप को खारिज कर दिया था। खरगे ने यहां चुनावी सभा में कहा, ''ऐसा लगता है कि भाजपा नेताओं के दिमाग में यह बात आ गई है कि वो मुझे खत्म कर दें। अगर ऐसा नहीं है तो फिर यह कहने की हिम्मत कैसे हो गई कि वह खरगे और परिवार को मारना चाहता है? श्श् कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि अगर मणिकांत राठौड ने उन्हें मारने की धमकी दी है।

# बाराबंकी में भीषण हादसा, 5 लोगों की मौत

## हरदोई से शादी समारोह में आए 9 लोग हादसे का शिकार

(संवाददाता)



लखनऊ । बाराबंकी जिले में बीती रविवार रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। लखनऊ को देवा से जोड़ने वाले आउटर रिंग रोड किसान पथ पर रांग साइड से आ रही वैन में एक तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार मार दी। भीषण हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोगों का गंभीर हालत में लखनऊ में इलाज चल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और अफसरों को तत्काल घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। हादसा इतना जबरदस्त था कि वैन के परखच्चे उड़ गए,जबकि हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। शादी की खुशियां मातम में बदल गईं और रिश्तेदार रोते-बिलखते मौके पर पहुंचे। यह भीषण सड़क हादसा बाराबंकी में देवा कोतवाली क्षेत्र से होकर गुजर किसान पथ पर सैहारा गांव में हुआ। जहां हरदोई जिले से एक बारात नगर कोतवाली क्षेत्र में गदिया चौकी क्षेत्र के मदारपुर गांव आई थी। बारात में शामिल होने के बाद वैन सवार 9 लोग वापस हरदोई लौट रहे थे। इस दौरान रात करीब 10 बजे रांग साइड से जा रही इस वैन को तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी,जिसमें आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि वहां से गुजर रहे बाकी लोग तेज आवाज सुनकर चौंक गए। एक्सीडेंट की सूचना पर देवा थाने की पुलिस पहुंची। एसडीएम सदर विजय कुमार त्रिवेदी, सीओ डॉ. बीनू सिंह समेत भारी पुलिस बल भी किसान पथ पर पहुंच गया। घायल गंभीर हालत में सड़क पर पड़े तड़प रहे थे। पुलिस ने वैन के अंदर फंसे लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। एक घायल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था। पुलिस ने तत्काल एंबुलेंस और दूसरे वाहनों से बाकी घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। सभी को राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां चार अन्य लोगों ने भी दम तोड़ दिया। किसान पथ पर यातायात कई घंटों तक थमा रहा और काफी देर बाद बहाल हो सका। बाराबंकी के पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के मुताबिक हरदोई जिले के थाना अतरौली क्षेत्र के जमुनीपुर गांव निवासी 48 वर्षीय बैजनाथ, पुष्पेंद्र, लखनऊ के थाना माल क्षेत्र के निवासी सनी, सत्येंद्र समेत 9 लोग वैन में सवार थे। बैजनाथ की मौके पर ही मौत हो गई है। बाकी चार लोगों ने लखनऊ में दम तोड़ दिया। घायलों का इलाज चल रहा है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाराबंकी में हुए सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दु:ख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।मुख्यमंत्री ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को राहत कार्य में तेजी करने के निर्देश दिए।

# मिग-21 दुर्घटनाग्रस्त, 3 महिलाओं की मौत, पायलट सुरक्षित

## अशोक गहलोत, वसुंधरा राजे सहित कई नेताओं ने मिग-21हादसे में जनहानि पर जताया दुख

(एजेंसी)



जयपुर। भारतीय वायुसेना का लड़ाकू मिग-21 विमान सोमवार सुबह हनुमानगढ़ जिले के एक गांव में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पुलिस के अनुसार हादसे में तीन महिलाओं की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गए। विमान का पायलट सुरक्षित है। वायुसेना के अनुसार यह विमान नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर था और पायलट सुरक्षित रूप से निकल गया। बीकानेर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि घटना में तीन महिलाओं की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा कि विमान के पायलट का सूरतगढ़ सैन्य अस्पताल में इलाज चल रहा है। भारतीय वायुसेना ने हादसे की जानकारी देते हुए ट्वीट किया, ''भारतीय वायुसेना का एक मिग-21 विमान आज सुबह नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान सूरतगढ़ के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पायलट सुरक्षित रूप से विमान से निकल गया। हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच बैठाई गई है। सूरतगढ़ वायु सेना स्टेशन गंगानगर जिले में है। यह कस्बा हनुमानगढ़ जिले की सीमा के पास है। विमान हनुमानगढ़ जिले के बहलोलनगर गांव के बाहरी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हनुमानगढ़ के जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने कहा कि लड़ाकू विमान रत्ती राम के घर पर गिरा जिसमें उनकी पत्नी और दो अन्य महिलाओं की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। उन्होंने कहा कि शुरूआती रिपोर्ट के अनुसार रत्ती राम का घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है और पास के घर को भी नुकसान पहुंचा है। मृतक महिलाओं की पहचान लीला देवी पत्नी रामप्रताप, बंतो कौर पत्नी लाल सिंह और बाशो कौर पत्नी रत्ती राम के रूप में हुई है। बहलोलनगर के एक स्थानीय नागरिक ने कहा कि उसने तेज आवाज सुनी और पैराशूट नीचे आते देखा। उसने बताया कि चंद ही सैकंड में विमान रत्ती राम के घर पर गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसके बाद घर में रखी लकड़ियों में आग लग गई। उसने घटनास्थ्थल पर मौजूद मीडिया को बताया, स्थानीय लोगों ने तुरंत पानी और रेत से आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। दमकल और पुलिस मौके पर पहुंच गई और महिलाओं को अस्पताल ले जाया गया। घटना के तुरंत बाद वहां लोगों की भीड़ लग गई। ाजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी सहित कई नेताओं ने हनुमानगढ़ जिले में वायुसेना के लड़ाकू विमान मिग-21 के दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है। गहलोत ने सोशल मीडिया पर कहा कि इस हादसे में तीन लोगों की मृत्यु होना दुखद है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा की शांति एवं परिजनों को दुख सहने की शक्ति देने की कामना की। उन्होंने मिग-21 के पायलट एवं अन्य घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मृतकों के परिजनों को चिरंजीवी बीमा से नियमानुसार सहायता राशि दी जाएगी। राजे ने कहा कि हादसे में लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है।

# राजनाथ सिंह ने चंडीगढ़ में आईएएफ हेरिटेज सेंटर का किया उद्घाटन




(एजेंसी) चंडीगढ़। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को यहां अपनी तरह के पहले भारतीय वायु सेना (आईएएफ) हेरिटेज सेंटर का उद्घाटन किया। केंद्र की स्थापना केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ और भारतीय वायुसेना के बीच एक समझौता ज्ञापन के तहत की गई है, जिस पर पिछले साल हस्ताक्षर किए गए थे। इस मौके पर पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारीलाल पुरोहित, एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी और चंडीगढ़ की सांसद किरण खेर भी मौजूद थीं। 17,000 वर्ग फुट में फैला, यह भारतीय वायुसेना का पहला विरासत केंद्र है और विभिन्न युद्धों में इसकी भूमिका को दर्शाता है, जिसमें 1965, 1971 और कारगिल युद्ध, और बालाकोट हवाई हमले को भित्ति चित्र और यादगार के माध्यम से दर्शाया गया है। अधिकारियों ने कहा कि इसके प्रदर्शन भविष्य की पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत होंगे और भारतीय वायु सेना की अदम्य भावना को प्रदर्शित करेंगे।

# शाइस्ता परवीन माफिया घोषित

❑ शूटर साबिर के साथ होने की आशंका, पिछले महीने वायरल हुआ था शाइस्ता का वीडियो



(संवाददाता) लखनऊ । प्रयागराज में मारे गए माफिया अतीक अहमद की फरार पत्नी शाइस्ता परवीन के मामले में नया मोड़ आया है। शाइस्ता के खिलाफदर्ज एक ताजा एफआईआर में उसे माफिया करार दिया गया है। मुकदमे में दावा किया गया है कि शाइस्ता के साथ हर समय साबिर नाम का शूटर रह रहा है। प्रयागराज पुलिस ने कौशांबी और प्रयागराज के कछार इलाके में छापेमारी की है। शूटर साबिर उमेश पाल हत्याकांड के आरोपियों मे है। पुलिस ने उस पर 5 लाख रुपए का इनाम घोषित किया है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 2 मई को पुलिस ने आतीन जफर नाम के शख्स के घर पर छापा मारने के बाद एफआईआर दर्ज की थी, जहां शाइस्ता ठहरी थी। पुलिस ने बताया कि वह अपने बेटे के दोस्त आतीन के घर साबिर के साथ रुकी थी। आतीन को 2 मई को हिरासत में लिया गया था। पूछताछ के दौरान उसने पुलिस को शाइस्ता के ठिकाने के बारे में बताया है।पिछले महीने शाइस्ता परवीन के एक शादी समारोह में शामिल होने के कई वीडियो और तस्वीरें सामने आई थीं। तस्वीरों और वीडियो की लोकेशन का पता नहीं चला लेकिन खुलासा हुआ है कि इन तस्वीरों और क्लिप का इस्तेमाल यूपी पुलिस ने शाइस्ता परवीन को पकड़ने के लिए किया था, जो फरार है। 28 मार्च को प्रयागराज की एमपी-एमएलए कोर्ट ने अतीक अहमद समेत तीन लोगों को वर्ष 2006 के उमेश पाल अपहरण मामले में दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# अखिलेश के रोड शो में बुलडोजर, समर्थक बोले—सत्ता बदलेगी तो बुलडोजर का रुख भी बदल जाएगा

(संवाददाता) अलीगढ़ । अखिलेश यादव ने सोमवार को अलीगढ़ में रोड शो किया। उन्होंने सपा के मेयर प्रत्याशी हाजी जमीर उल्लाह के समर्थन में वोट मांगे। अखिलेश ने जमालपुर पुल से एएमयू के सेंटेनरी गेट तक करीब डेढ़ किमी ट्रक पर सवार होकर जनसंपर्क किया। इसमें कार्यकर्ता बुलडोजर लेकर पहुंचे। प्रशासन ने अखिलेश के रोड शो को पुराने शहर से निकलने की अनुमति नहीं दी थी। हालांकि, बाद में अनुमति दे दी। बुलडोजर लेकर पहुंचे सपा कार्यकर्ताओं ने कहा, बुलडोजर किसी का नहीं है। सीएम योगी भले ही लोग बुलडोजर बाबा के नाम से बुलाए जाने लगे हैं। लेकिन, यह बुलडोजर सिर्फउनका नहीं है। सत्ता बदलेगी तो बुलडोजर का रुख भी बदल जाएगा। यह पहली बार है जब अखिलेश या सपा के किसी कार्यक्रम में बुलडोजर नजर आया है। रोड शो के बाद अखिलेश ने आगरा रोड स्थित एक निजी होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने सीएम योगी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा, ष्बाबा साहब के संविधान से खिलवाड़ करने वालों पर ताला लगाने की जरूरत है। दरअसल, योगी ने रविवार को अलीगढ़ में जनसभा की थी। इसमें उन्होंने कहा था कि भाजपा ने अलीगढ़ के ताले का सही इस्तेमाल किया है। दंगों, गुंडों और माफिया पर ताला लगाया है। अखिलेश ने डिप्टी सीएम केशव मौर्य को आड़े हाथों लेते हुए कहा, सपा आईसीयू में नहीं, भाजपा आईसीयू में जाने की तैयारी में है। तालाब कब्जा करने वाले सभी माफिया भाजपा के साथ है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा ने सिर्फरेट बढ़ाए हैं। डॉयल 100 को डॉयल 112 कर दिया है। इसलिए पुलिस वाले भी ज्यादा भ्रष्टाचार करते हैं। अखिलेश ने कहा, भाजपा तहजीब की भाषा नहीं जानती है। भाजपा फूट और समाज में नफरत की खाई पैदा करती है। लैपटॉप बांटने की शुरुआत सपा ने की थी। सीएम कहते हैं कि भाजपा की सरकार ने छात्रों को लैपटॉप बांटा। लेकिन ऐसा नहीं है। भाजपा की कथनी-करनी में अंतर है। अपनी कमजोरियों व खामियों को छुपाने के लिए भाजपा इस तरह के मुद्दों को छेड़ती है। सपा प्रमुख ने कहा, भाजपा तोड़फोड़ व नफरत की राजनीति करती है। स्मार्ट सिटी में अलीगढ़ का हाल बुरा है। मानक के अनुसार काम नहीं हुआ। भाजपा में सबसे अधिक अवैध काम भाजपा के लोग कर रहे हैं। निकाय चुनाव में सपा बेहतरीन प्रदर्शन करेगी। अखिलेश यादव ने कहा कि सपा जातिगत जनगणना की पक्षधर हैं। इससे सर्वसमाज का विकास होगा। अखिलेश ने कहा, भाजपा तहजीब की भाषा नहीं जानती है। भाजपा फूट व समाज में नफरत की खाई पैदा करती है। लैपटॉप बांटने की शुरुआत सपा सरकार ने की थी।

CMYK

## संपादकीय

### कर्नाटक का महासंग्राम

ज्यों-ज्यों कर्नाटक में मतदान की तिथि दस मई करीब आ रही है राज्य में चुनाव प्रचार तल्ख व तेज होता जा रहा है। दोनों राष्ट्रीय दलों भाजपा व कांग्रेस ने चुनाव जीतने के लिये सब-कुछ दांव पर लगा दिया है। यह माना जा रहा है कि कर्नाटक के चुनाव परिणामों का असर अगले साल होने वाले आम चुनाव व कुछ राज्यों में इस साल होने वाले महत्वपूर्ण विधानसभा चुनावों पर पड़ेगा। यही वजह कि दोनों दल आसमान से तारे तोड़ लाने के सब्जबाग जनता को दिखा रहे हैं। दरअसल, वर्ष 2019 में कांग्रेस व जनता दल (एस) सरकार के पतन के बाद राज्य में सत्ता में आई भाजपा के लिये अपनी उपलब्धियां गिनाने के लिये बहुत कुछ नहीं है। यही वजह कि पार्टी समान नागरिक संहिता व राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर जैसे मुद्दे लेकर सामने आई है। पार्टी कह रही है कि समान नागरिक संहिता लैंगिक न्याय और मुस्लिम महिलाओं के लिये समान अधिकार सुनिश्चित करेगी। दरअसल, इस राज्य में तेरह फीसदी मुस्लिम आबादी में सेंध लगाने की कोशिश भाजपा कर रही है। हालांकि, मुस्लिमों के लिये चार फीसदी ओबीसी कोटा खत्म करने के भाजपा सरकार के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। लेकिन पार्टी की कोशिश है कि कांग्रेस को एकमुश्त मुस्लिम वोट पड़ने से कैसे रोका जाये। जहां तक भाजपा व कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्रों का प्रश्न है तो दोनों ही लोकलुभावने वायदे पूरे करने में आगे हैं। हालांकि, नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय स्तर पर रेवड़ी संस्कृति का मुखर विरोध करते रहे हैं। लेकिन लगता है कांग्रेस के लोकलुभावने व मुफ्त के वायदों ने भाजपा को भी इसी ट्रैक पर चलने के लिये बाध्य कर दिया है। अब भाजपा ने अपने घोषणापत्र में वायदा किया है कि बीपीएल परिवारों को साल में तीन गैस सिलेंडर युगादी, गणेश चतुर्थी और दीवाली पर मुफ्त दिये जाएंगे। साथ ही पोषण योजना के तहत प्रत्येक बीपीएल परिवार को हर दिन आधा लीटर नंदिनी दूध तथा हर महीने पांच किलो मोटा अनाज दिया जायेगा। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस भी रेवड़ियां बांटने में पीछे नहीं रही है। उसने राज्य सरकार द्वारा संचालित बसों में महिलाओं को मुफ्त यात्रा, परिवार की महिला मुखिया को दो हजार रुपये मासिक सहायता, दो सौ यूनिट तक बिजली मुफ्त तथा 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के स्नातक बेरोजगारों को तीन हजार तथा डिप्लोमा धारकों को डेढ़ हजार बेरोजगारी भत्ता देने का वायदा चुनाव घोषणा पत्र में किया है। जनता दल (एस) ने भी अपने घोषणा पत्र में कृषक समुदाय तथा महिला स्वयं सहायता समूहों के लिये लोक लुभावनी घोषणा की है। वहीं दूसरी ओर राज्य में धार्मिक कट्टरवाद को समाप्त करने की बात कह कर कांग्रेस ने संघ परिवार के संगठन बजरंग दल व प्रतिबंधित पीएफआई पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। उल्लेखनीय है कि राजग सरकार ने पीएफआई पर पहले ही पांच साल का बैन लगा रखा है। कांग्रेस की इस घोषणा ने भाजपा को नया अस्त्र दे दिया है। अब इस चुनाव में बजरंगबली का मामला भी बड़ा मुद्दा बनकर कांग्रेस के लिये नई मुसीबत खड़ा कर रहा है। इस तरह से बेहद दिलचस्प हो चले कर्नाटक के चुनाव में ध्रुवीकरण और लोकलुभावन नीतियां बड़ी चुनौती पैदा कर रही हैं। दोनों पार्टियां अपने लक्षित वर्ग को भुनाने के लिये जमीन-आसमान एक कर रही हैं। कांग्रेस के गढ़ रहे कर्नाटक में पार्टी अपनी खोयी विरासत फिर हासिल करने को बेताब है, वहीं भाजपा अपने इस दक्षिण के द्वार को किसी कीमत पर बंद नहीं होने देना चाहती। जिसके चलते चुनाव के अंतिम चरण में प्रवेश करने के बाद दोनों पार्टियां ऐड़ी-चोटी का जोर लगा रही हैं। बहरहाल, कमजोर तबकों के सशक्तीकरण के नाम पर मुफ्त की रेवड़ियां बांटने का खेल बदस्तूर जारी है। राजनीतिक दलों की छवि इतनी निस्तेज हो चली है कि वे मुफ्त की रेवड़ियों के सहारे चुनावी वैतरणी पार करने की कवायद में जुटे हैं। विडंबना ही है कि आजादी के अमृतकाल तक सफर करने तक हम मतदाताओं को इतना विवेकशील नहीं बना पाये।

### शरद पवार ने पलटी रोटी

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी यानी एनसीपी के संस्थापक शरद पवार ने कुछ दिनों पहले कहा था कि रोटी पलटने का वक्त आ गया है। तब उनके इस वाक्य को कई तरह से डिकोड किया गया था। किसी ने इसे एनसीपी में अजित पवार की बढ़ती महत्वाकांक्षाओं पर लगाम कसने का संकेत माना तो किसी ने भाजपा को सत्ता से विदा करने की तैयारी माना। राजनीति में रोटी पलटने का सही अर्थ क्या है, यह कोई समझ पाता, इससे पहले शरद पवार ने एक और धमाका कर दिया। मंगलवार को अपनी आत्मकथा के विमोचन के मौके पर भाषण देते हुए अचानक उन्होंने एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने की बात कह दी। अमूमन राजनेता किसी बड़े पद से स्वेच्छा से हटने से पहले माहौल बनाते हैं। राजनीति से संन्यास, पार्टी में मतभेद, उम्र और स्वास्थगत कारण आदि का हवाला देकर फिर तामझाम के साथ विदाई लेते हैं। लेकिन शरद पवार ने तो इस तरह अपने इस्तीफे का ऐलान किया, मानो कोई ये बता रहा हो कि अभी दोपहर है और इसके बाद शाम होगी। शरद पवार अच्छे से जानते हैं कि उनकी कही छोटी सी छोटी बात का भी राजनैतिक वजन होता है, फिर उन्होंने किस लिए इतने बड़े फैसले को इस तरह से व्यक्त किया, यह अब भी पहेली है। लेकिन उससे भी बड़ा सवाल ये है कि शरद पवार ने आखिर एनसीपी के अध्यक्ष पद को क्यों छोड़ा और ऐसे वक्त में यह फैसला क्यों लिया, जब महाराष्ट्र से लेकर राष्ट्र की राजनीति तक उथल-पुथल मची हुई है। अभी कुछ दिनों पहले शरद पवार ने दिल्ली में राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात कर विपक्षी एकता की कोशिशों की नयी शुरुआत की थी। कांग्रेस और राहुल गांधी से शरद पवार कई बातों पर असहमत होने के बावजूद विपक्ष को एक साथ करने की कोशिशों में जुटे तो यह माना गया कि इस बार भाजपा की जड़ें हिलाने के लिए श्री पवार दृढ़प्रतिज्ञ हैं। लेकिन इस मुलाकात के चंद दिनों बाद कारोबारी गौतम अडानी से शरद पवार ने बंद कमरे में दो घंटे मुलाकात की। इस मुलाकात की विस्तृत जानकारी सार्वजनिक नहीं हुई है और इसकी उम्मीद कम ही है कि कभी इस मुलाकात का कोई खुलासा होगा। शरद पवार हमेशा से उद्योगपतियों के मित्र राजनेता के तौर पर जाने जाते रहे हैं, ये और बात है कि अब मित्रता साबित करने की नयी मिसालें देश में आ गई हैं। गौतम अडानी के कारोबार पर हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर देश में कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने सवाल उठाए। राहुल गांधी ने संसद में प्रधानमंत्री और गौतम अडानी के संबंधों पर बयान दिया। संसद सत्र इस मामले की जेपीसी जांच की मांग पर बाधित होता रहा और तब शरद पवार ने विपक्ष की राय से अलग हटकर जेपीसी जांच के औचित्य पर सवाल उठाए थे। शरद पवार के इस रवैये से भी हैरानी हुई थी। हालांकि विपक्षी एकता में इससे कोई दरार नहीं पड़ेगी, यह दावा भी किया गया था। अब तक कोई औपचारिक मोर्चा भाजपा के खिलाफगठित तो नहीं हुआ है, इसलिए दरार पड़ी या नहीं, इस बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। लेकिन शरद पवार के इस्तीफे की घोषणा के बाद अब विपक्षी मोर्चा किस राह पर आगे बढ़ेगा, इस पर कयास शुरु हो गए हैं। शरद पवार ने अभी केवल एनसीपी के अध्यक्ष पद से इस्तीफे का ऐलान किया है, सक्रिय राजनीति से नहीं। यानी ये हो सकता है कि अब एनसीपी के दायित्वों से आगे बढ़कर वे राष्ट्रीय राजनीति में किंगमेकर की भूमिका निभाने की तैयारी में हों या फिर किंग बनने की अपनी पुरानी महत्वाकांक्षा को पूरा करने की योजना बनाएं। अगले साल ही आम चुनाव है और महाराष्ट्र में भी विधानसभा चुनाव होंगे। दोनों ही जगह महाअघाड़ी के घटक दलों यानी एनसीपी, शिवसेना उद्धव गुट और कांग्रेस को जीत की तैयारी रखनी होगी, अन्यथा अस्तित्व दांव पर लग जाएगा। क्योंकि अब देश का माहौल 2019 से काफी बदल गया है। शरद पवार ने इस बदलते समय की नब्ज को टटोल लिया है और शायद इसलिए इस्तीफे का ऐलान किया है। भाजपा ने शिवसेना की कमजोरी कड़ी तोड़कर महाराष्ट्र की सत्ता हथिया ली, और एनसीपी की कमजोर कड़ी यानी अजित पवार से बगावत करवाने में उसने 2019 में आंशिक सफलता हासिल कर ही ली थी। तब शरद पवार ने बड़ी सूझबूझ से न केवल इस बगावत को खत्म करवाया, बल्कि भाजपा को सत्ता से बेदखल कर दिया था। लेकिन अब फिर से अजित पवार अलग राह पकड़ने के संकेत दे रहे थे।अब क्या दिल्ली की बारी है।

# एक और एयरलाइन दिवालिया

**आदित्य नारायण**





भारत दुनिया का तीसरा सब से बड़ा विमानन बाजार है और उसने तेजी से विकास भी किया। भारतीय विमानन का विकास 1930 के दशक में अपनी जड़ों के साथ एयर इंडिया और सरकारी नियंत्रण के साथ निकटता से जुड़ा हुआ है। 1950 के दशक तक भारत देश के विभिन्न हिस्सों से संचालित होने वाली छोटी एयरलाइंस का घर था। कई घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर उड़ान भरते हुए एयर इंडिया राष्ट्रीय वाहक बनी रही। 1994 में भारत में निजी एयरलाइंस की शुरूआत की अनुमति दे दी गई। एक के बाद एक नई एयरलाइंस कंपनियां आती गई। 2000 के दशक में भारत ने विमानन उछाल की शुरुआत को चिन्हित किया। कम लागत वाली एयरलाइंस ने सस्ती उड़ानें शुरू की और बड़ी एयरलाइंस के सामने उड़ान भरने की चुनौती दे डाली। कड़ी प्रतिस्पर्धा के चलते एक के बाद एक निजी प्राइवेट एयर लाइंस बंद होती गई। सस्ती उड़ान उपलब्ध कराने वाली एक और कंपनी गो फर्स्ट एयरलाइन दिवालिया हो चुकी है। कंपनी ने दो दिन के लिए अपनी सभी उड़ानों को निलंबित कर दिया है। इसकी बड़ी वजह इंजन में समस्याओं की वजह से एयरलाइन को अपने 28 विमानों को ऑपरेशन से बाहर खड़ा करना पड़ा। नतीजा यह हुआ कि आधे से ज्यादा विमान पार्किंग में खड़े हो गए। उड़ानें बंद होने से कंपनी पर वित्तीय बोझ बढ़ता चला गया और घाटा रॉकेट की रफ्तार से आगे निकल गया। कंपनी को दस हजार आठ सौ करोड़ का राजस्व गंवाना पड़ा। जिस अमेरिकी कंपनी के साथ इंजन सप्लाई करने का अनुबंध था उसने भी अनुबंध का पालन नहीं किया जिससे कंपनी का संकट बढ़ता ही चला गया। यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए विमानों के इंजन बदलने की जरूरत है। एक के बाद एक बंद होती जा रही निजी विमान सेवाएं भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत नहीं है। उदारीकरण के इस युग में सरकार को इस मुद्दे पर क्या कुछ करना चाहिए। इस पर बहस पहले भी होती रही है और अब फिर शुरू हो चुकी है। विमान यात्रियों को तो परेशानी हो ही रही है। कंपनी के 5 हजार से अधिक कर्मचारियों का भविष्य भी संकट में आ गया है। इससे पहले जैट एयरवेज, किंगफिशर, एयर सहारा, स्काइलाइन, मोदी लुफ्त एनईपीसी, ईस्ट वेस्ट एयरलाइंस जैसी कंपनियां पहले ही बंद हो चुकी हैं। एयर इंडिया जैसी ध्वज वाहक कंपनी को इतना जबरदस्त घाटा हुआ कि उसे टाटा को बेचना पड़ा। दरअसल दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते विमानन बाजार के सामने चुनौतियों का अंबार है। सकल घरेलू उत्पाद में विमानन उद्योग का योगदान लगभग 5 प्रतिशत है। लगभग 40 लाख लोगों को इस उद्योग से रोजगार मिला हुआ है लेकिन कड़ी प्रतिस्पर्धा, महंगा रखरखाव और महंगे इंधन की वजह से भारतीय विमानन कंपनियों की हालत खस्ता होती गई। आज के समय में तकनीक इतनी जल्दी-जल्दी बदल रही है कि प्रतिस्पर्धी कंपनियां नई तकनीक के सहारे पुरानी तकनीक अपनाने वाली कंपनियों को व्यवसाय में पछाड़ देती हैं लेकिन नई तकनीक अपनाने के लिये भारी राशि निवेश करनी पड़ती है। इसके लिये उस कंपनी को बैंक से कर्ज लेना पड़ता है और कंपनी पर कर्ज और ब्याज का भार बढ़ जाता है। विमानन कंपनियों के कुप्रबंधन या अक्षम प्रबंधन के कारण भी विमानन कंपनियां घाटे में चली गई हैं। कुछ विमानन कंपनियां गैर-आर्थिक कीमतों पर अधिक क्षमताओं का सृजन कर लेती हैं जैसे वे आवश्यकता से अधिक विमान खरीद लेती हैं और इसके लिये बैंकों से ऋण सुविधाओं की मांग करके अधिक ब्याज दरों पर विभिन्न प्रकार की ऋण सुविधाएं लेती रहती हैं और आखिर में ऐसे चक्र में फंस जाती हैं जिससे निकलना नामुमकिन होता है। आज ज्यादातर भारतीय विमानन कंपनियों को इसी तरह के हालात का सामना करना पड़ रहा है। हर स्तर पर प्रभावी संवाद की कमी कंपनी प्रबंधन का अदूरदर्शितापूर्ण दृष्टिकोण, कुशल नेतृत्व का अभाव, कमजोर प्रबंधन, अपर्याप्त जोखिम, प्रबंधन प्रबंधकों में अनुभव व प्रशिक्षण की कमी, गलत भागीदार, पूंजी की कमी, लचर वित्तीय प्रबंधन, कर्मचारियों की उपेक्षा, यात्रियों की आवश्यकताओं की अनदेखी इत्यादि से भी विमानन कंपनी को सफलता नहीं मिल पाती है। कई बार कंपनी के प्रमोटरों में आपसी झगड़ों की वजह से कंपनियों का कामकाज भी प्रभावित हुआ। निजी विमान कंपनियों के बंद होने से बैंकों का कर्ज फंसा हुआ है। सुरक्षित विमान यात्रा भी अपने आप में एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। क्षेत्रीय एयरपोर्ट विकसित करने को लेकर लांच की गई उड़ान स्कीम के तहत टेंडर भरने वाली 6 कंपनियां अपने ऑपरेशन बंद कर चुकी है। आखिर निजी कंपनियों का बुरा हाल क्यों हो रहा है। इसकी पहचान के लिए न्यामक तक कुछ काम नहीं कर रहा। आखिर इसके लिए जिम्मेदार कौन है। जरूरत है विमानन उद्योग के लिए कारगर नीतियां बनाने की। अगर ऐसा ही चलता रहा तो विमानन क्षेत्र बुरी तरह से प्रभावित होगा।

# हजारों वर्ष पुराना सनातनी, वैदिक ज्ञान भारत के साथ वैश्विक ज्ञान की गाथा

**संजीव ठाकुर**

भारतवर्ष सदैव आध्यात्मिक और वैदिक भारत के रूप में संपूर्ण विश्व में जाना जाता रहा है। अध्यात्म से जुड़े हुए हमारे ऐतिहासिक महापुरुषों के कारण भारत सदैव आदर की दृष्टि से देखा जाता है। अध्यात्म और नैतिक शिक्षा भारत के लिए एक बहुत बड़ी पूंजी तथा संपत्ति है, जो हमें विरासत में प्राप्त हुई है। आध्यात्मिकता के दम पर ही भारत ने विश्व में वैदिक शास्त्र, अध्यात्म का परचम लहराया है। वैदिक दर्शन और अध्यात्म दर्शन भारतीयता का ऐतिहासिक परिचायक है। आध्यात्मिक शक्ति एवं वैदिक ऊर्जा के कारण भारत के महापुरुष सदैव सच्चरित्र और ब्रह्मचर्य का पालन करते आए हैं। हमारे ऋषि-मुनियों ने भी सत चरित्र को अपने जीवन का अंग बना कर अनेक वैदिक ग्रंथों की रचना भी की है जो प्रत्येक भारतीय जनमानस के लिए मार्गदर्शक ग्रंथ बन गए हैं। रामकृष्ण परमहंस, मां शारदा, विवेकानंद, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं अनेक ऐसे विद्वान हैं जिन्होंने सत्चरित्र और अध्यात्म के दम पर भारत को विश्व में सर्वोच्च मुकाम भी दिलाया है। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने कहा है की सच्चरित्र केवल एक व्यक्ति का ना होकर संपूर्ण राष्ट्र का होना चाहिए। अनेक यूरोपीय विद्वानों ने और भारतीय अध्यात्म के मनीषियों ने सत और चरित्र को अपने जीवन




में आत्मसात करने के अनेक उदाहरण प्रस्तुत किए और दोनों को मिलाकर सत्चरित्र शब्द को बड़े विस्तार से समझाया है। अध्यात्म और योग शक्ति ही मनुष्य को सच्चरित्र बनाने में हमेशा मददगार रही है क्योंकि अध्यात्म से व्यक्ति की एकाग्रता तथा ज्ञान में वृद्धि होकर मन ईश्वर के प्रति श्रद्धानवत होता है और ईश्वर के प्रति जो व्यक्ति अगाध श्रद्धा रखता है वह सदैव अपने चरित्र के प्रति विशेष सावधान रहकर सच्चरित्र व्यक्तित्व ही बनाता है। यह कहावत एकदम सत्य प्रतीत होती है की ष्सद्गुण है सच्ची संपत्ति दुर्गुण बड़ी विपत्तिष् यह तो निश्चित है की सदाचारी परोपकारी संयमशील, इमानदार ,निष्ठावान नागरिक सच्चरित्र होकर एक महान राष्ट्र को जन्म देता है ।वहीं दुष्ट चरित्र व्यक्ति काम, क्रोध, कामना और लालच में पड़कर अपनी जिंदगी को नर्क बना कर दिया सदैव अशांत रहता है, अशांत नागरिक किसी भी कार्य में स्थिरता अथवा प्रगति प्रदान नहीं कर सकता है, वह अपने समाज तथा देश को कमजोर करने का ही कार्य करता है। धन और संपत्ति से ज्यादा महत्वपूर्ण चरित्र को बलवान बनाने वाली आध्यात्मिक शिक्षा ही है। धन-संपत्ति नष्ट होने पर किसी भी व्यक्ति का बड़ा नुकसान नहीं होता पर यदि चरित्र चला जाए तो उसका सम्मान यश तथा सामाजिक स्थिति एकदम निकृष्ट बन जाती है उसका समाज में अपमान होने लगता है, ऐसे में कोई भी व्यक्ति या नागरिक समाज में सिर उठाकर नहीं चल सकता ।ऐसा व्यक्ति समाज के उत्थान में कोई योगदान देने के काबिल नहीं रह जाता। इसलिए मनुष्य के जीवन में सबसे बड़ी एवं महत्वपूर्ण आवश्यकता आध्यात्मिक शिक्षा एवं चरित्रवान जीवन है। सुभाष चंद्र बोस,महात्मा गांधी, सरदार वल्लभभाई पटेल, सरोजनी नायडू और अन्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में सच्चरित्र जीवन और मानसिक आध्यात्मिक शक्ति एवं ऊर्जा के कारण ही स्वतंत्रता संग्राम में पराधीन भारत को स्वतंत्रता दिलवाई थी। किसी भी देश के नागरिक को एक दिन में सच्चरित्र नहीं बनाया जा सकता बल्कि बालकों को बाल्यकाल से ही नैतिक शिक्षा से शिक्षित किया जाकर सदाचार का पाठ पढ़ाया जाना चाहिए। यह सर्वविदित है कि मनुष्य के चरित्र और व्यक्तित्व पर देश परिस्थितियां शिक्षा और समाजिक व्यवहार का बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है और नैतिकता सदाचार का पाठ किसी भी व्यक्ति को एक दिन में नहीं पढ़ाया जा सकता है। दुष्ट चरित्र पुरुष समाज में कभी भी प्रसिद्धि प्राप्त नहीं कर सकता सदैव अपनी बदनामी के कारण सिर झुका कर छुप कर घूमता है, इसीलिए भारतीय चिंतकों, मनीषियों ने लिखा और कहा है की चरित्र सदाचार की रक्षा मनुष्य को संपूर्ण प्रयास कर निरंतर करते रहना चाहिए। क्योंकि नागरिकों का नैतिक और सदाचारी स्वभाव और व्यवहार राष्ट्रीय संपत्ति होता है और यही संपत्ति राष्ट्र को एक सशक्त राष्ट्र और उत्कृष्ट देश बनाने में सदैव सहायक होता है। आध्यात्मिक शिक्षा सदाचार सद्गुण और चरित्र यह मनुष्य के बहुत ही महत्वपूर्ण आंतरिक तत्व हैं और इसी से मनुष्य का सकारात्मक व्यक्तित्व निर्मित होकर महान राष्ट्र की पृष्ठभूमि को अवलंबित करता है। देश का सद्गुणी सदाचारी सच्चरित्र व्यक्ति है देश को विकास की ओर सदैव ले जा सकता है एवं एक सशक्त राष्ट्र भी बनाने में मदद करता है। इसलिए अध्यात्म चरित्र तथा नैतिक शिक्षा को किसी भी राष्ट्र में प्राथमिकता देकर पुष्पित और पल्लवित किया जाना चाहिए।

# आनंद मोहन सिंह की रिहाई से बिहार में किस दल के समीकरण बिगड़े और किसके बन गये?

> गोपालगंज के डीएम जी. कृष्णैया की हत्या मामले में आनंद मोहन उम्रकैद की सजा काट रहे थे। हालांकि आनंद मोहन की रिहाई कोई इत्तेफाक नहीं है। इसकी पटकथा पिछले कुछ वर्षों से लिखी जा रही थी। सो अब यह पटकथा पूरी हो गई है। लेकिन दिलचस्प यह है कि रिहाई की यह पटकथा उन लोगों ने लिखी है जो कभी उनके धुर विरोधी हुआ करते थे। बहुत से लोगों को मंडल कमीशन का वह दौर याद होगा।

हममें से कई लोगों को बिहार की राजनीति का वह दौर भी याद होगा जब सवर्णों को कांग्रेस का वोटर माना जाता था। कल तक जो कांग्रेस के वोटर थे आज भाजपा के वोटर हैं। और सबसे बड़ी बात यह है कि वे भाजपा में अपना भविष्य देख रहे हैं। बिहार के महागठबंधन में इन दिनों मरता क्या नहीं करता वाली स्थिति है। जेल मैनुअल में हुई तब्दीली और बाहुबली नेता आनंद मोहन की रिहाई से तो यही लगता है कि वोट बैंक के लिए महागठबंधन अब कुछ भी करने को तैयार है। गोपालगंज के डीएम जी. कृष्णैया की हत्या मामले में आनंद मोहन उम्रकैद की सजा काट रहे थे। हालांकि आनंद मोहन की रिहाई कोई इत्तेफाक नहीं है। इसकी पटकथा पिछले कुछ वर्षों से लिखी जा रही थी। सो अब यह पटकथा पूरी हो गई है। लेकिन दिलचस्प यह है कि रिहाई की यह पटकथा उन लोगों ने लिखी है जो कभी उनके धुर विरोधी हुआ करते थे। बहुत से लोगों को मंडल कमीशन का वह दौर याद होगा। 1990 में जनता दल के टिकट पर जब पहली बार आनंद मोहन महिषी विधानसभा से विधायक चुने गए तो सबसे पहला काम उन्होंने मंडल कमीशन का विरोध करने का किया। इसके खिलाफवे सड़कों पर उतरे। राजपूतों के बीच अपनी पकड़ बनाई और अन्य सवर्ण वोटरों के मन में अपने प्रति सहानुभूति जगाने में वे कामयाब रहे। वैशाली लोकसभा उपचुनाव में उनकी पत्नी लवली आनंद ने आरजेडी को पटखनी दी और संसद पहुंच गईं। लेकिन अब यह सब पुराने दिनों की बात है। राजनीति में कोई भी संबंध स्थाई नहीं होता। सो कल के धुर विरोधी आज एक साथ नजर आ रहे हैं। लेकिन बदलती राजनीति के इस दौर में भी लोगों को यह जानने का पूरा हक है कि उन विचारधाराओं का क्या हुआ जिसकी राजनीति ये राजनेता कर रहे थे? क्या राजद और जदयू ने मंडल कमीशन का मोह त्याग दिया है या फिर आनंद मोहन यह मानने लगे हैं कि मंडल कमीशन का विरोध करके उन्होंने बड़ी भूल की थी ?पिछले कुछ वर्षों में राजद ने भी अपनी छवि सुधारने की कोशिश की है। आम तौर पर राजद को सवर्ण विरोधी और पिछड़ों-दलितों की राजनीति करने वाला दल माना जाता है। लेकिन आनंद मोहन की छवि ठीक इसके विपरीत है। राजद का 'माय समीकरण' आज भी यह भूल पाने की स्थिति में नहीं है कि आनंद मोहन की छवि न सिर्फबाहुबली नेता वाली है, बल्कि वे दलित और पिछड़ा विरोधी भी हैं। दूसरी ओर राजद है जो आज भी माय समकीरण को लेकर बेफिक्र और सवर्ण वोटों की सेंधमारी करने में लगा है। उसे लग रहा है कि आनंद मोहन के आ जाने से उनके खाते में बिहार के राजपूतों का वोट भी आ जाएगा। बिहार में राजपूत वोट 6 से 8 प्रतिशत है। लेकिन यह कहना अतिश्योक्तिपूर्ण होगा कि आनंद मोहन के आ जाने से राजपूत के तमाम वोट महागठबंधन के खाते में जाएंगे।




बिहार की राजनीति में जाति आज भी सत्य है लेकिन समय कबिलाई सरदारों के जमाने से थोड़ा आगे निकल चुका है। आनंद मोहन के आने या उनके कहने से राजपूतों के कुछ वोट इधर-उधर हो सकते हैं लेकिन पूरा राजपूत समाज महागठबंधन के पक्ष में उठ खड़ा होगा, यह कहना अतिश्योक्तिपूर्ण ही है। महागठबंधन के लिए यह दो नाव पर सवारी करने जैसा हो सकता है। युद्धों के इतिहास में एक बात अक्सर देखने को मिलती है कि राजा मुख्य किले को लेकर बेफिक्र है और उसने दूसरे किले पर चढ़ाई शुरू कर दी है। दुश्मन को यह बात पता है कि राजा और उसके सैनिकों का ध्यान अभी दूसरे किले पर लगा है सो दुश्मन मुख्य किले को अपने कब्जे में ले लेता है। सारे हथियार और गोला-बारूद मुख्य किले में ही है, सो राजा दूसरे किले की लड़ाई भी हार जाता है। हममें से कई लोगों को बिहार की राजनीति का वह दौर भी याद होगा जब सवर्णों को कांग्रेस का वोटर माना जाता था। कल तक जो कांग्रेस के वोटर थे आज भाजपा के वोटर हैं। और सबसे बड़ी बात यह है कि वे भाजपा में अपना भविष्य देख रहे हैं। उनके सोचने का ढंग भी बदला है और इसलिए राजपूत हो या भूमिहार, ब्राह्मण हो या कायस्थ, उन्हें आनंद मोहन जैसे नेताओं में अपना कोई भविष्य नजर नहीं आ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में भाजपा ने दलितों-पिछड़ों को अपनी ओर अकर्षित करने में कामयाबी पाई है। और निश्चित रूप से दलितों-पिछड़ों को यह समझाने में कामयाब होगी कि डीएम जी. कृष्णैया के हत्यारोपियों को रिहा कर महागठबंधन ने दलित विरोधी काम किया है। क्योंकि तेलंगाना के रहने वाले आइएएस अधिकारी जी. कृष्णैया दलित समुदाय से आते थे और ईमानदार अधिकारी माने जाते थे। आने वाले चुनावों में संभव है कि बिहार की राजनीति में कुछ पुराने समीकरण टूटे और कुछ नए समीकरण बने। हालांकि भाजपा ने भी अभी तक खुलकर आनंद मोहन की रिहाई का विरोध नहीं किया है। भाजपा तब भी चुप थी जब आनंद मोहन की रिहाई के लिए जेल मैनुअल में बदलाव किया जा रहा था। शायद भाजपा को भी राजपूत वोटों की चिंता थी। भाजपा अब आनंद मोहन की रिहाई का विरोध करने लगी है लेकिन दूसरे तरीके से। अब भाजपा कह रही है कि आनंद मोहन की रिहाई तो ठीक है लेकिन उनके साथ 27 अन्य अपराधियों को क्यों रिहा किया गया है? दूसरी ओर भाजपा यह भी बताने की कोशिश कर रही है कि आनंद मोहन को रिहा कर महागठबंधन ने दलित विरोधी काम किया है। इससे भी ज्यादा दिलचस्प हैं आनंद मोहन के वे समर्थक जो उनकी रिहाई के अवसर पर उनसे मिलने सहरसा पहुंचे थे। बिहार और कोसी के विभिन्न क्षेत्रों से सहरसा पहुंचे उनके कई समर्थकों का कहना यह था कि वे आनंद मोहन की रिहाई का स्वागत करते हैं लेकिन वे लोग आनंद मोहन को जदयू-राजद के साथ नहीं देखना चाहते। वे आनंद मोहन को भाजपा के साथ देखना पसंद करते हैं। महागठबंधन ने एक जमाने के 'जानी दुश्मन' को भी एक साथ लाने की कोशिश की है। पिछले वर्ष नवंबर में बेटी की सगाई के अवसर पर आनंद मोहन पैरोल पर रिहा होकर आए थे। इसके लिए पप्पू यादव को भी न्योता भेजा गया था। गलबहियां करते हुए दोनों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई थी। यूं तो यह एक औपचारिक मुलाकात थी लेकिन इसके कई राजनीतिक मायने निकाले गए। यह सवाल भी दागा गया कि क्या एक जमाने के 'जानी दुश्मन' अब एक साथ आएंगे? कोसी क्षेत्र में इन दोनों की 'जानी दुश्मनी' के कई किस्से आज भी मशहूर हैं। दोनों गुटों के बीच कई बार गैंगवार की घटनाएं हो चुकी हैं। 90 के दशक में दोनों गुटों के बीच आपसी वर्चस्व को लेकर हुए संघर्ष में कई जानें जा चुकी हैं। तो सवाल उठता लाजिमी था ही। लेकिन बिहार के वर्तमान राजनीतिक परिदृयय पर गौर करें तो पाएंगे कि महागठबंधन के लिए पप्पू यादव आज ज्यादा लाभदायक हैं, न कि आनंद मोहन। इसके कई कारण हैं। पहला कारण तो यह है कि पप्पू यादव माले नेता अजीत सरकार हत्या मामले में सुबूतों के अभाव में बरी किए जा चुके हैं लेकिन डीएम जी. कृष्णैया हत्या मामले में आनंद मोहन को नीचली अदालत ने फांसी की सजा सुनाई थी, जिसे हाइकोर्ट ने उम्रकैद में बदल दिया। आनंद मोहन के समर्थक भले यह कहें कि डीएम हत्याकांड मामले में वे निर्दोष हैं लेकिन सत्य तो यही है कि इस पर कोर्ट भी मुहर लगा चुका है। इसलिए ऐसा कहना कि वे पूरी तरह निर्दोष हैं, कहीं न कहीं कोर्ट की अवमानना ही है। दूसरा और सबसे बड़ा प्रमुख कारण यह है कि जेल से रिहा होने के बाद पप्पू यादव ने लगातार अपनी छवि सुधारने की कोशिश की। बाहुबली नेता वाली छवि को त्याग कर वे लोगों के बीच गए और उनके सुख-दुरूख से नाता जोड़ने की कोशिश की। 'माय समीकरण' को आज भी पप्पू यादव के प्रति सहानुभूति है और बहुत से लोगों को यह जानकर हैरानी हो सकती है कि सवर्णों के मन में भी उनके प्रति सहानुभूति उपजने लगी है। हालांकि आज भी उनके खिलाफकई संगीन मामले विभिन्न अदालतों में लंबित हैं। दूसरी ओर आनंद मोहन को बाहुबली वाली नेता की छवि से बाहर निकलने में अभी लंबा वक्त लगेगा।जदयू-राजद इस सत्य से परिचित हैं कि पप्पू यादव उनके लिए अधिक फायदेमंद हो सकते हैं लेकिन वे पप्पू यादव के भरोसे रहना नहीं चाहते। दोनों के बीच एक अंतरविरोध है जो साफ दिखता है। राजद छोड़कर पप्पू यादव ने जनाधिकार पार्टी के नाम से अपनी दूसरी पार्टी बना ली है। उनकी पत्नी रंजीता रंजन कांग्रेस से सांसद रह चुकी हैं और जानी-मानी नेत्री हैं। कयास यह भी लगाया जा रहा है कि पप्पू यादव की पार्टी का विलय कांग्रेस में हो सकता है। ऐसी परिस्थिति जदयू और राजद दोनों के लिए विचलित करने वाली हो सकती है। भाजपा के मजबूत होने से कांग्रेस के साथ गठबंधन करना इनकी मजबूरी है। लेकिन जदयू और राजद कभी नहीं चाहेंगे बिहार में कांग्रेस फिर से मजबूत हो। क्योंकि इससे भी नुकसान उन्हीं को है, भाजपा को नहीं। आनंद मोहन की रिहाई से वोट बैंक कितना प्रभावित होगा, यह तो समय बताएगा लेकिन इतना तय है कि उनकी रिहाई से आने वाले कुछ दिनों तक बिहार की राजनीति का पारा चढ़ा रहेगा।

CMYK

# पीएफआई से कनेक्शन, एटीएस ने 55 को उठाया, लखनऊ से रिहाई मंच के अध्यक्ष, मेरठ से सपा नेता को पकड़ा

संवाददाता



लखनऊ। राजधानी के लाटूस रोड से रिहाई मंच के अध्यक्ष मो. शोएब को हिरासत में लेने की बाज है। विकास नगर से भी एक युवक को हिरासत में लिया गया। यूपी एटीएस ने शनिवार को पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया यानी पीएफ आई से कनेक्शन के शक में 7 जिलों में ताबड़तोड़ छापेमारी की। 55 लोगों को हिरासत में लिया। जिनसे एटीएस पूछताछ कर रही है। लखनऊ के लाटूस रोड़ से रिहाई मंच के अध्यक्ष मो. शोएब और मेरठ से अब्दुल खालिक अंसारी को भी हिरासत में लिया गया। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, टीम ने लखनऊ, मेरठ, मुरादाबाद, वाराणसी, आजमगढ़, सहारनपुर, गाजियाबाद समेत प्रदेश के कई शहरों में छापेमारी की। एटीएस को शक है कि सभी लोग पीएफआई एजेंटों के संपर्क में हैं। हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। सूत्रों के मुताबिक, विकास नगर से एटीएस ने शनिवार दोपहर फोटो कॉपी की दुकान से एक युवक को पकड़ा। एटीएस को आशंका है कि उसका पिछले दिनों कुर्सी गांव और इटौंजा में पकड़े गए पीएफआई एजेंट से संबंध है। वहीं, बीकेटी थाना क्षेत्र से मो. फरमान और जफर को हिरासत में लिया है। वाराणसी में एटीएस ने पुलिस की मदद से चार लोगों को पकड़ा है। इनको पकड़ने के लिए टीम ने आदमपुर, जैतपुरा, भेलूपुर, सारनाथ, कोतवाली और चौक थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह से ही छापेमारी कर रही थी। इनके पास से मिले मोबाइल और लैपटॉप से कई संदिग्ध और देश विरोधी गतिविधियों से जुड़ी सामग्री मिली है। इसी तरह मुरादाबाद से एक युवक को उठाया है। बताया जा रहा है यह संविदा कर्मी अपने ब्लाक में पीएफआई का प्रचार-प्रसार कर रहा था। आजमगढ़ से एटीएस की टीम ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। शक है कि इन आरोपियों के तार पीएफआई से जुड़े हैं। निजामाबाद थाना क्षेत्र के सुराई का रहने वाला वकार अहमद और अंजर मुबारकपुर थाना क्षेत्र के अमिलो को एटीएस की टीम अपने साथ लेकर चली गई है। हालांकि, इस बारे में जिले का कोई भी अधिकारी और कर्मचारी कुछ भी बोलने से बच रहा है।

मेरठ में एटीएस की टीम ने शनिवार को तीन लोगों को हिरासत में लिया है। एटीएस की टीम ने लिसाड़ीगेट से पूर्व सपा महानगर अध्यक्ष अब्दुल खालिक अंसारी को उठाया। अब्दुल खालिक बुदलंशहर से महानगर अध्यक्ष भी रह चुका है। वह शनिवार को पत्नी का इलाज कराने मेरठ अपने भाई के घर आया था। वहीं, शाहजहां कॉलोनी में रहने वाले अताउरहमान और मो. मूसा को भी एटीएस ने हिरासत में लेकर अपने साथ ले गई। पीएफआई सबसे पहले चर्चा में आया था 2010 में केरल में प्रोफेसर टीजे जोसेफका हाथ काटने की घटना के बाद। प्रोफेसर जोसेफ पर एक प्रश्नपत्र में पूछे गए सवाल के जरिए पैगंबर मोहम्मद साहब के अपमान का आरोप लगा था। इसके बाद आरोप है कि पीएफआई कार्यकर्ताओं ने प्रोफेसर जोसेफ के हाथ काट दिए थे। बातचीत में प्रोफेसर जोसेफकहते हैं, पॉपुलर फ्रंट ऑफइंडिया एक आतंकवादी संगठन है जो इस्लाम की कट्टरपंथी विचारधारा को फैलाता है और लागू करता है। उनकी सभी गतिविधियां, जिनमें 2010 में मुझ पर हुआ हमला भी शामिल है, ने समूचे भारत में आतंक की एक लहर पैदा की है। ये संगठन लोगों के शांतिपूर्वक जीवन और देश की धर्मनिरपेक्षता के लिए खतरा बन गया है।

# निकाय चुनाव: भाजपा का बागियों पर एक्शन

## 30 नेताओं को किया पार्टी से बाहर

संवाददाता




लखनऊ। उत्तर प्रदेश में निकाय चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार तेज है। लेकिन निकाय चुनाव में हर दल के सामने बागियों ने मुश्किलें खड़ी कर रखी है। बीजेपी और समाजवादी पार्टी में बागियों की संख्या कम ज्यादा है। बीजेपी ने बागियों पर बड़ा एक्शन लेते हुए 30 नेताओं को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। पार्टी ने 30 बागी नेताओं को पार्टी से छह साल के लिए निकाल दिया है। 19 बागी उत्तर जबकि 11 बागी दक्षिण जिलो से हैं।बागी बीजेपी उम्मीदवारों के लिए चुनौती बन रहे हैं। पार्टी ने बागियों को मानने की कोशिश की लेकिन नहीं माने तो पार्टी से निकाला गया।बीजेपी ने एके बाजपाई, बृजेश पंडित, प्रमोद जायसवाल, रीता पासवान, सौरभ तिवारी, धर्मेंद्र शर्मा और वसीम खान समेत 30 लोगों पर कार्रवाई की। पहले पार्टी ने लखनऊ और वाराणसी में बागियों पर एक्शन लिया था। पार्टी ने पहले वाराणसी में 35 कार्यकर्ताओं को निष्कासित किया था। लखनऊ में अपने 35 कार्यकर्ताओं को निष्कासित किया था।इसमें एक पूर्व पार्षद भी शामिल थे। लखनऊ में पार्टी ने सुरेश अवस्थी, दिलीप श्रीवास्तव, अमित मौर्या, सुभाषिनी मौर्य कई बड़े स्थानीय कार्यकर्ताओं पर एक्शन लिया था। राज्य में निकाय चुनाव के दूसरे चरण का प्रचार अभियान जोर शोर से चल रहा है। दूसरे चरण के अंतर्गत 11 मई को वोटिंग होगी। चार मई को पहले चरण के लिए वोट डाले गए थे। दोनों चरणों के वोटों की गिनती 13 मई को होगी और नतीजों का एलान किया जाएगा। वही राज्य में दो विधानसभा सीटों पर उपचुनाव भी हो रहा है,इसे लेकर भी हलचल और जोरआजमाइश कम नही है। उप चुनाव भी बीजेपी और सपा के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बने हुए हैं।

# नशा विनाश का कारण बनता है : कौशल

## नशा न करने का केंद्रीय मंत्री ने दिलाया संकल्प

### भारत रक्षा दल के मजदूर किसान प्रकोष्ठ के गठन


संवाददाता



लखनऊ। भारत रक्षा दल ट्रस्ट ने अपने संगठन के मजदूर किसान प्रकोष्ठ के रहीमाबाद कटियार कृषि फार्म में शाखा इकाई का गठन किया।इस अवसर केंद्रीय मंत्री कौशल कौशल किशोर संगठन के संस्थापक श्रीनिवास राय राष्ट्रवादी केंद्रीय अध्यक्ष भागीरथ विश्वकर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंदन सिंह महामंत्री कैप्टन मनोज कुमार राय कोषाध्यक्ष अवधेश कुमार शर्मा सहायक महामंत्री निरंजन सिंह लल्ला यादव मजदूर किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष व कार्यक्रम के संयोजक महेंद्र सिंह राणा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ हनुमान चालीसा पाठ से किया गया इस अवसर पर जिन लोगों को संगठन के मजदूर किसान प्रकोष्ठ में शाखा स्तर पर जिम्मेदारी दी गई उनमें रघु प्रताप सिंह अध्यक्ष व सजीवन लाल मंत्री डाक्टर अनिल सिंह प्रभारी पूजा वर्मा मीडिया प्रभारी के साथ ही 11 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने भारत सरकार की श्रम कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के लोगो को नशा न करने के लिए संकल्प कराया। उन्होंने कहा, नशा विनाश का कारण बनता है। भारत रक्षा दल ट्रस्ट के संस्थापक श्रीनिवास राय राष्ट्रवादी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत अपने सनातन संस्कृति के उद्गम और विकास के साथ ही के साथ आगे बढ़ रहा है वर्तमान में भारत के राष्ट्र नायक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जहां सशक्त भारत के अभियान के प्रति प्रतिबद्ध हैं वही उत्तर प्रदेश के हिंदू हृदय सम्राट मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी प्रखर हिंदुत्व के ध्वजवाहक के रूप में सनातन संस्कृति को स्थापित करने का कार्य कर रहे हैं ऐसे में भारत रक्षा दल भी उनके अभियान में अपनी सहभागिता करते हुए देशवासियों से निवेदन करता है वह भी अपने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के विचारों सिद्धांतों का समर्थन करते हुए उनका खुलकर साथ दे।श्री राष्ट्रवादी ने उपस्थित जन समूह को नशा न करने की शपथ दिलाई। केंद्रीय अध्यक्ष भागीरथी विश्वकर्मा ने कहा कि भारत को हिंदू राष्ट्र बनाना देश में एक सख्त जनसंख्या नियंत्रण कानून लाना आज देश की महती आवश्यकता है।कार्यक्रम का संचालन करते हुए केंद्रीय महामंत्री मनोज कुमार राय ने समान नागरिक संहिता पर भी फोकस करते हुए कहा यह भी एक बड़ी लड़ाई है जिस दिन समान नागरिक संहिता पूरे देश में लागू हो जाएगी तमाम समस्याओं का समाधान हो जाएगा ।मजदूर किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष महेंद्र राणा ने धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया।कार्यक्रम में भंडारा का भी प्रबंधन था।

# 45 केंद्रों में 32 हजार अभ्यर्थी नीट परीक्षा में शामिल,बेल्ट, जूते उतरवाए

संवाददाता




लखनऊ। नीट यानी नेशनल एलेजबेल्टी कम एंट्रेंस टेस्ट का एग्जाम रविवार को ठीक 2 बजे शुरू हुआ। लखनऊ में 45 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें करीब 32 हजार अभ्यर्थी शामिल हुए हैं। नीट के जरिए एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमयू और बीयूएमएस कोर्स में दाखिले होने हैं। प्रदेश में एमबीबीएस की 8 हजार 528 सीटें हैं। परीक्षा में शामिल होने आए अभ्यर्थियों को कड़ी चेकिंग से गुजरना पड़ा। नियमानुसार, जूते-बेल्ट उतरवा लिए गए। हाथ में पहना हुआ कलावा भी काट दिया गया। मेटल डिटेक्टर से जांचने के बाद सेंटर के अंदर जाने दिया गया। सुबह 11 बजे से लेकर 1.30 बजे तक अभ्यर्थियों को एंट्री दी गई। ये परीक्षा 5.20 बजे तक चलने वाली है। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र में मोबाइल समेत किसी भी दूसरे प्रकार के गैजेट नहीं ला सकते हैं। परीक्षा केंद्रों के आस-पास सुरक्षा बल तैनात है। सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा हो रही है। परीक्षा केंद्र के आस-पास फोटो स्टेट की दुकानें बंद रखी गई है। नीट के लिए लखनऊ में 3 कोआर्डिनेटर तैनात किए गए हैं। इसमें अवनी कमल, पूनम गौतम और एम त्रिपाठी शामिल हैं। ड्रेस कोड के अनुसार ही कपड़े पहनना था। कई अभ्यर्थियों ने कपड़े वैसे नहीं पहने। आवेदन करते समय लगाए गए फोटो और प्रवेश पत्र पर चिपकाए गए फोटो में अंतर होने पर उन्हें दोहरी जांच से गुजरना पड़ा। अभ्यर्थी अपने साथ प्रवेश पत्र के अलावा पासपोर्ट साइज फोटो, अपना हैंड सैनिटाइजर, आधार कार्ड, पैन कार्ड या अन्य कोई वैध फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना था। मास्क लगाना अनिवार्य किया गया है। ऐसे अभ्यर्थियों को सेंटर के बाहर ही रोक लिया गया। जिनके पास अंगूठी, ब्रेसलेट, कान व नाक के आभूषण, किसी प्रकार का लिखित या छपे हुए पेज, कागज के टुकड़े, प्लास्टिक पाउच, कैलकुलेटर, पेन, पेन ड्राइव, मोबाइल फोन, ब्लुटूथ, ईयरफोन, माइक्रोफोन, हेल्थबैंड, पेजर, डिजिटल घड़ी, खाने-पीने की कोई भी खुली या पैक वस्तु, पर्स, चश्मा, हैंडबैग, टोपी, हेयरपिन, बेल्ट आदि थी। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर ही पीने के लिए पानी बोतल व लिखने के लिए नीले-काले बॉल पॉइंट पेन उपलब्ध कराए गए। परीक्षा केंद्र पर प्रवेश के समय स्कैनिंग की गई और कमरे के भीतर तलाशी व दस्तावेज सत्यापन किया गया। अभी किसी मुन्ना भाई के पकड़े जाने की सूचना नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### पांच दिवसीय होगा श्री माधव मन्दिर वार्षिकोत्सव'

संवाददाता, लखनऊ। डालीगंज स्थित कार्यालय पर रविवार को श्री माधव मन्दिर की संस्था श्री राधा माधव सेवा संस्थान के पदाधिकारियों की बैठक बिहारी लाल साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमे वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि विगत वर्षो के भांति इस वर्ष 62वा श्री माधव मन्दिर वार्षिकोत्सव एवम श्री श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव का पांच दिवशीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा वही महामंत्री अनुराग साहू ने बताया कि कार्यक्रम 17 जून सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से शुरू होकर 18जून की श्रीविष्णु भगवान पर आधारित दशावतार नित्य नाटिका, 19जून सामूहिक हवन यज्ञ, 20 जून को श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव, 21 जून को संत सम्मेलन एवम भण्डार प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक में बिहारी लाल साहू, भारत भूषण गुप्ता, ओमकार जायसवाल, धनश्याम अग्रवाल, श्याम जी साहू, राकेश साहू, माया आनंद, दिनेश अग्रवाल, दीपक मेहरोत्रा, गोविंद साहू, अनुराग साहू उपस्थित रहें।

### लोकतंत्र को पोषित करती है निर्बल की मदद

संवाददाता, लखनऊ। निर्बल की मदद हर एक का फर्ज होता है। जो फर्ज पूरा करते हैं वे अपने किरदार से बड़े बन जाते हैं। लोकतंत्र का यही तकाजा भी है। सिर्फअपने लिए जिंदा रहने वाले लोग जीवन भर भटकते रहते हैं।यह विचार सईद मेमोरियल वेल्फेयर सोसाइटी बाराबंकी की सचिव शाइस्ता अख्तर ने रविवार को व्यक्त किये। समाजसेवी प्रदीप सारंग जब उनके घर पहुँचे। हरियाली बढ़ाने हेतु लगातार काम करने व नेपाल भारत अवधी परिषद के सचिव बनाये जाने पर सोसायटी के लोगों ने श्री सारंग को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। श्री सारंग ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जाति धर्म से ऊपर उठकर पीड़ित मानवता की सेवा लोकतंत्र को पोषित करती है। आज पृथ्वी पर संकट है ,हर एक ध्यान दे नहीं तो सभी को पछताना होगा।इस अवसर पर आँखें फाउन्डेशन के अध्यक्ष सदानन्द वर्मा, सईद मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष मो. अख्तर, ग्रीन गैंग के संस्थापक सदस्य अब्दुल खालिक, तबस्सुम, आयशा ने भी विचार व्यक्त किये।

### महिलाओं को मिली नि:शुल्क चिकित्सा सलाह


संवाददाता, लखनऊ। एमयू फाउंडेशन व अजंता हॉस्पिटल एंड आई वी एफसेंटर के द्वारा रविवार को होटल डायमंड पैलेस,निकट न्यू हाई कोर्ट में नि:शुल्क वूमेन हेल्थ एंड इनफर्टिलिटी कैंप का आयोजन किया गया।दीप प्रज्वलन के बाद प्रात: 10 से प्रारम्भ हुये इस हेल्थ कैम्प में अधिक उम्र के नि:संतान दंपत्ति, हाई रिस्क प्रेगनेंसी,गर्भवती महिलाएं,गंभीर महिला रोगों से परेशान महिलाएं, नि:संतानता से जूझ रहे पुरुष एवं महिला रोगी,मीनोपॉज, पीसीओडी, कैंसर के शुरुआती लक्षणों की पहचान,एंडोमेट्रिओसिस, फाइब्रॉइड,अनियमित माहवारी एवं अन्य सामान्य महिला रोगियों को चिकित्सा सलाह दी। गायनेकोलॉजिस्ट इनफर्टिलिटी स्पेशलिस्ट डॉ गीता खन्ना ने बताया किसी भी प्रकार की बीमारी को छुपा कर नही रखना चाहिये।आज के इस दौर में समय रहते सभी का इलाज संभव है।अपने डॉक्टर से भी कुछ छिपाना आप के इलाज में बाधा बन सकता है। इस दौरान एम यू फाउंडेशन अध्यक्ष सबीहा अहमद ने बताया हमारा फाउंडेशन पूरे प्रदेश में इस तरह के जागरूकता एवं चिकित्सा अभियान चलाकर मुख्यमंत्री जी के वक्तव्य रोग मुक्त प्रदेश के अभियान में सहायक बनेगें। इस दौरान डॉ स्वेता सिंह,डॉ मेघा तुलसियान डॉ शिल्पी खरे ने भी महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

# आजम का खास रहे आले हसन पर गिरी गाज

## कई आपराधिक मामलों में आरोपी रहे पूर्व डिप्टी एसपी गिरफ्तार

संवाददाता, लखनऊ। समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। लगातार शिकंजा कसा ही जा रहा है, उनके करीबी रडार पर हैं। आजम खान के करीबी और पूर्व पुलिस अधिकारी आले हसन खां को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आले हसन खां को आजम खान का सहयोगी माना जाता है और रामपुर सदर के पूर्व पुलिस क्षेत्राधिकारी रहे हैं। रामपुर में पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर अनुज चौधरी ने रविवार को बताया कि आले हसन खां को दिल्ली स्थित आवास से शनिवार देर रात गिरफ्तार किया गया। चौधरी के मुताबिक आले हसन खां पूर्व मंत्री आजम खान के साथ कई आपराधिक मामलों में सह-आरोपी हैं। वह पूर्व में रामपुर सदर से पुलिस क्षेत्राधिकारी रह चुके हैं।विशेष एमपी-एमएलए अदालत ने इनमें से दो मामलों में पेश न होने पर आले हसन खां के खिलाफ हाल ही में गैर-जमानती वारंट जारी किया था। पूर्व पुलिस क्षेत्राधिकारी को वारंट के आधार पर गिरफ्तार किया गया है।

# स्कूल टाइमिंग में जारी रहेगा बदलाव, डीएम ने जारी किया आदेश



संवाददाता, लखनऊ। बढ़ती गर्मी से स्टूडेंट्स की परेशानी को देखते हुए राजधानी लखनऊ के डीएम सूर्यपाल गंगवार ने 29 अप्रैल को जारी किया गया समय में बदलाव अगले एक सप्ताह के लिये फिर से लागू किया गया है। जिलाधिकारी के तरफ से जारी आदेश के मुताबिक यूपी बोर्ड स्कूल की कक्षा 1- 12 तक की टाइमिंग सुबह 7.30 से दोपहर 12.30 तक निर्धारित की गई हैं। इस अलावा सीबीएसई व आईसीएससी बोर्ड के स्कूल अब कक्षा 1-8 तक के स्कूल सुबह 7.30 से दोपहर12.30 तक और कक्षा 9-12 तक के स्कूलों का समय 7.30 से 2.00 बजे तक खुलेंगे।

# अयोध्या की तरह 16 नगर निगम बनेंगे सोलर सिटी

## परियोजना की शुरू हो चुकी हैं तैयारियां

संवाददाता



लखनऊ। अयोध्या की भांति 16 नगर निगमों को भी सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। तैयारी शुरू है। नगर निगमों में सोलर ट्री, ई रिक्शा, वाटर कियोस्क के इंतजाम होंगे। प्रदेश के पहले सोलर सिटी के रूप में अयोध्या विकसित की जा रही है। 40 करोड़ की परियोजना के लिए बजट में 15 करोड़ 75 लाख रुपये का इंतजाम किया गया है। इसके तहत सरकारी एवं आवासीय भवनों पर सोलर प्लांट, सोलर स्ट्रीट लाइटें, सोलर हाईमास्ट, एनर्जी पंप और सोलर बोट तक का इंतजाम किया जा रहा है। अब तक सरकारी भवनों पर करीब 515 किलोवाट के सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं। प्रदेश के अन्य नगर निगमों को भी सोलर सिटी के रूप में विकसित करने की तैयारी है। नगर निगमों का आकलन कर परियोजना तैयार की गई है। इससे नगर निगमों का सौंदर्यीकरण होगा और बिजली कीखपत घटेगी। सोलर सिटी में 50 किलोवाट के जरिए 40 से 50 दुकानों को आच्छादित करते हुए वेंडिंग जोन बनाया जाएगा। वरिष्ठ परियोजना अधिकारी एसडी दुबे के मुताबिक सोलर सिटी के तहत पर्यटन स्थल, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सहित अन्य सार्वजनिक स्थल पर सोलर ट्री लगाए जाएंगे। अयोध्या में 40 सोलर ट्री लग गए हैं जिनमें एलईडी लाइटें लगी हैं।मोबाइल और लैपटॉप चार्ज करने की भी व्यवस्था है। सोलर से चार्जिंग स्टेशन तैयार किया गया है। अयोध्या में परिक्रमा मार्ग पर आठ स्टेशन बन रहे हैं। अयोध्या में 40 ई रिक्शा संचालित होंगे। यूपीनेडा के निदेशक अनुपम शुक्ला कहते है, प्रदेश के पहले सोलर सिटी के रूप में अयोध्या का विकास किया गया है। इसके सार्थक परिणाम सामने हैं। अन्य नगर निगमों को भी विकसित करने की बारी है जिसपर काम शुरू होगा।

# ट्रांसफॉर्मर में लगी आग, कई घरों की बत्ती हुई गुल

संवाददाता, लखनऊ। गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली संकट बढ़ने लगा है। इसके साथ ही फॉल्ट की समस्या भी आने लगी है। शनिवार को विकास नगर लेखराज पन्ना के पास ट्रांसफॉर्मर में अचानक आग लग गई। इसकी वजह से आस-पास के इलाके में अफरा-तफरी का माहौल पैदा हुआ है। 630 केवीए के ट्रांसफॉर्मर में लगी आग के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने लेसा और पुलिस के लोगों को सूचना दी। उसके बाद फायर सर्विस को सूचना दी गई। मौके पर मौजूद रवि ने बताया कि काफी समय से यहां स्पार्क होता रहा है। इसको लेकर कई बार यहां फॉल्ट सही करने वाले लाइन मैन को सूचना दी गई। उसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया और उसके बाद आग लग गई। लखनऊ में गर्मी बढ़ते ही यह समस्या बढ़ जाती है। मौजूदा समय जिले में करीब 18 हजार से ज्यादा ट्रांसफॉर्मर है। उसमें से करीब 20 से ज्यादा ट्रांसफॉर्मर आए दिन खराब हो जाते है। पूरे महीने की बात करे तो करीब 200 से 240 ट्रांसफॉर्मर खराब होते है। ट्रांसफॉर्मर के अलावा स्थानीय स्तर पर फॉल्ट भी बढ़ जाते है। पिछले कुछ दिनों में लखनऊ में प्रतिदिन दिन छोटे- बड़े करीब 100 से ज्यादा फॉल्ट हो रहे है। बताया जा रहा है जून से लेकर अगस्त तक यह डेटा बढ़ जाएगा।

# संयुक्त मोर्चे का शिक्षक भर्ती की मांग को लेकर आंदोलन कर युवाओं को समर्थन

संवाददाता



लखनऊ। संयुक्त युवा मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने ईको गार्डन में प्राथमिक शिक्षक भर्ती की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे युवाओं और जेई भर्ती 2016 और 2018 को पूरा करने की मांगकर रहे अभ्यर्थियों से मुलाकात की और उनका समर्थन किया। शिक्षक भर्ती की मांग कर रहे युवाओं के समर्थन में आए 113 संगठनों को मिलाकर बनाए गए संयुक्त युवा मोर्चा के प्रतिनिधियों ने कहा कि प्राथमिक शिक्षकों के 01 लाख से ज्यादा पद खाली है परंतु प्रदेश सरकार यह मानने को तैयार नहीं है। यूपी शिक्षक और छात्र अनुपात भी तय मानकों के विपरीत है ,सरकारी स्कूलों को एक सोची समझी साजिश के तहत सरकार खत्म करना चाहती है। जेई भर्ती के 2016 और 2018 के अभ्यर्थी भी पिछले कई महीनों से भर्ती को पूर्ण करने की मांग को लेकर धरना दे रहे हैं परंतु दुर्भाग्यपूर्ण है की सरकार इन प्रदर्शनों को दबाने में लगी है न की प्रदर्शन कर रहे युवाओं की न्यायसंगत मांग को सुनना चाहती है। यूपी में दर्जनों भर्तियां इसी तरह लटकी, अटकी साजिश के तहत पड़ी हैं। आज संयुक्त युवा मोर्चा से गोविंद मिश्रा,गौरव सिंह ,अशफाक खान,अहमद खान ,मुलायम यादव ने ईको गार्डन धरना स्थल पर पंहुचकर नई प्राथमिक शिक्षक भर्ती और जेई भर्ती के धरने का समर्थन किया और आश्वस्त किया किया कि सरकार प्रदर्शनकारी युवाओं को मांगों पर विचार नहीं करती है तो बड़ा आंदोलन होगा।

# न्यायिक आयोग की टीम पहुँची प्रयागराज, कर रही अतीक अशरफ कांड की पड़ताल

## सर्किट हाउस में डेरा डाला, पूछताछ जारी

संवाददाता

लखनऊ। प्रयागराज पहुँची न्यायिक आयोग की टीम ने सर्किट हाउस में डेरा डाल दिया। वहां किसी के आने-जाने पर प्रतिबंध है। टीम अतीक और अशरफ हत्याकांड की हर एंगल से जांच कर रही है।शनिवार को अतीक व अशरफ की सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों को पूछताछ के लिए बुलाया गया। शुक्रवार को पहुंची पांच सदस्यीय टीम ने धूमनगंज थाना और अस्पताल का निरीक्षण कर बारीकी से छानबीन की। हत्याकांड के दौरान पुलिस की प्रतिक्रिया कैसी थी। इस तरह के कई सवाल टीम ने पुलिस अधिकारियों से दागे। पुलिस के साथ ही एसआइटी और फोरेंसिक टीम से भी जानकारी ली। शूटरों के बारे में भी न्यायिक आयोग को पुलिस अधिकारियों ने जानकारी दी है।प्रदेश सरकार द्वारा गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग ने घटना के पांच दिन बाद जांच की थी। उसी दिन एसआइटी ने क्राइम सीन का रीक्रिएशन किया था। जांच को आगे बढाते हुए टीम ने शुक्रवार को दोबारा जांच की तो यह जानने का प्रयास किया कि इस घटनाक्रम में किसी तरह की क्या लापरवाही रही। अनुमान है कि हर पहलू को जांच के दायरे में रखा गया है। जांच टीम में पहले तीन सदस्य न्यायमूर्ति अरविन्द कुमार त्रिपाठी, सुबेश कुमार सिंह एवं पूर्व जिला जज बृजेश कुमार सोनी थे लेकिन अब टीम में पूर्व चीफ जस्टिस दिलीप बाबा साहेब भोंसले को अध्यक्ष और पूर्व चीफ जस्टिस झारखंड वीरेन्द्र सिंह को न्यायिक आयोग का उपाध्यक्ष बनाया गया है।

CMYK

# बाबूलाल धुरिया को लंभुआ नगर पंचायत वासियों का खूब मिल रहा है समर्थन

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

सुल्तानपुर जनपद के नगर पंचायत लम्भुआ में निर्दली प्रत्यासी बाबूलाल धुरिया का खूब मिल रहा है समर्थन नगर पंचायत अध्यक्ष पद निर्दली प्रत्याशी बाबूलाल धुरिया ने लंभुआ के कई वार्ड में डोर टू डोर जनसंपर्क किया आप को बता दूं की सुल्तानपुर जनपद के नगर पंचायत लम्भुआ में 11 मई को मतदान होना है जिसको लेकर बाबूलाल धुरिया जन संपर्क कर नगर पंचायत लम्भुआ वासियों से अपील कर रहे है कि हमको भारी मतों से विजयी बनाये हम लंभुआ में हमेशा मिलेंगे आप अपनी समस्या बता सकते है हम तुरन्त आप की समस्या का निस्तारण करवाएंगे ।हम नगर पंचायत अध्यक्ष बनने के बाद चौमुखी विकास करेंगे,युवाओं के




लिए खेल का मैदान बनवाएंगे,और लम्भुआ में सबसे बड़ी समस्या नाली की पानी निकासी का है जो की जरा सी बारिश होने पर सड़को पर पानी भर जाता है दुकानदार और पैदल चलने वालो और नगर वासियों को बहुत परेशानी का सामना करना पडता है उसको सबसे पहले बनवाएंगे और उन्होंने कहा कि मैं चुनाव जीतने के बाद व्यापारियों की सुरक्षा करूंगा इस तरह उन्होंने कई मुद्दों का जिक्र करते हुआ कहा की हमे क्षेत्रवासियों का बहुत समर्थन मिल रहा है इसी तरह समर्थन और आशीर्वाद मिला तो हम पूर्ण रूप से चुनाव जीतकर परचम लहराएंगे। और आगे बाबूलाल धुरिया ने कहा कि हम कई सालों से समाज सेवा कर रहे हैं और दबे कुचले की आवाज को उठाते हैं और हमेशा उठाते रहेंगे बस यही नगर पंचायत वासियों से अपील करते हैं कि वह हमें आशीर्वाद देकर विजई बनाएं और हम हमेशा की तरह शोषित वंचित की आवाज को उठाते रहेंगे। ओर जन सेवा करते रहेंगे

# पिकअप की टक्कर से दादी की मौत, पोती हुई घायल

## शहर के सर्कुलर रोड कन्हई पुरवा के पास हुआ हादसा

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

हरदोई । बुजुर्ग अपने छोटे बेटे के साथ उसकी बाइक से पोती को साथ ले कर मेडिकल कालेज दवा लेने आ रही थी। इसी बीच सर्कुलर रोड कन्हई पुरवा के पास उसे पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक चला रहा युवक और दादी-पोती जख्मी हो गई। आनन-फानन में उन्हें मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां दादी की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस हादसे की जांच कर रही है। बताया गया है कि कोतवाली शहर के भदैचा गांव निवासी राजीव तिवारी की 50 वर्षीय पत्नी मंजू तिवारी सोमवार को अपने छोटे बेटे अंकुर तिवारी के साथ उसकी बाइक से दवा लेने मेडिकल कालेज आ




रही थी। साथ में मंजू की 7 वर्षीय पोती श्रेया तिवारी पुत्री अंकित तिवारी भी थी। अंकुर की बाइक जैसे ही शहर में बिलग्राम चुंगी से सर्कुलर रोड की तरफबढ़ी,तभी कन्हई पुरवा के पास पिकअप ने बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मंजू तिवारी,श्रेया तिवारी और अंकुर तिवारी, तीनों जख्मी हो गए। आनन-फानन में सभी को मेडिकल कालेज ले जाया गया। जहां मंजू की इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। कोतवाली शहर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। साथ ही हादसे की जांच शुरू कर

# मेरी बेटी मेरी शान योजना का खण्ड शिक्षा अधिकारी रोजी सिंह ने की शुरुवात

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

सुल्तानपुर। सोमवार को बीआरसी बल्दीराय के प्रांगण में मेरी बेटी मेरी शान कार्यक्रम की शुरुआत खण्ड शिक्षा अधिकारी बल्दीराय रोजी सिंह ने 51000 रू का सांकेतिक चेक व उपहार शिक्षामित्र अरविन्द कुमार मिश्रा को दिया गया ।विदित हो कि प्रा वि काकरकोला के शिक्षामित्र अरविन्द कुमार मिश्रा व इंदू मती मिश्रा की पुत्री मधु मिश्रा की शादी10 मई2023 को है ।खण्ड शिक्षा अधिकारी रोजी सिंह ने इस सराहनीय पहल की प्रसंशा की ।विदित हो कि इस सराहनीय कार्यक्रम की पहल आदर्श शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन बल्दीराय सुल्तानपुर द्वारा किया गया ।इस अवसर पर संगठन के जिला अध्यक्ष दिनेश चंद्रा व जिला मंत्री प्रदीप कुमार यादव भी उपस्थित रहे ।जिला अध्यक्ष दिनेश चंद्रा ने बताया कि बल्दीराय इकाई ने



पूरे जिले के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। हम ब्लाक अध्यक्ष जग ध्यान यादव के साथ साथ ब्लाक के समस्त सम्मानित शिक्षामित्रों को आभार प्रकट करते हैं। जिला मंत्री प्रदीप कुमार यादव ने कहा कि इस सराहनीय पहल से शिक्षामित्र साथियों के अविवाहित बालिकाओ के विवाह में बड़ी मदद मिलेगी ।हम सब मिलजुल कर अपनी बेटियों का विवाह कर पाएंगे ।जग ध्यान यादव ने बताया कि मेरी बेटी मेरी शान कार्यक्रम इसका उद्देश्य शिक्षामित्रों के अविवाहित बालिकाओ के विवाह में 51000 राशि का आपसी सहयोग करना है ।साथ में यादगार स्वरूप एक उपहार भी दिया जायेगा। उपहार में भारत का संविधान अथवा प्राकृतिक चित्रों का फ्रेम देने पर विचार किया गया है ।संचालन समिति के सदस्य कृष्ण कुमार सिंह रमेश कुमार मंजू मिश्रा ने निष्पक्ष व पारदर्शी व्यवस्था देने पर बल दिया। कार्यक्रम में नन्दलाल वर्मा,राम सेवक, राम करन साहू, राम धर यादव ए आर पी, संदीप कुमार पाण्डेय,मो नकी, हरिश्याम मौर्या राकेश कुमार शुक्ला आदि मौजूद रहे हैं।

# शिशु को छह माह तक केवल स्तनपान ही पूर्ण आहार

## पानी नहीं केवल स्तनपान 30 जून तक चलेगा अभियान

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

इटावा। मां के दूध में नवजात के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक तत्व होते हैं। जिन शिशुओं को जन्म से कम से कम दो साल तक स्तनपान कराया जाता है वह अन्य शिशुओं की तुलना में कम बीमार पड़ते हैं स इसी की अलख समुदाय में जगाने के लिए पानी नहीं,केवल स्तनपान अभियान चलाया जा रहा है स यह अभियान 1मई यानि सोमवार से शुभारंभ हो चुका है,जो 30 जून तक चलेगा यह कहना है जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार डीपीओ ने बताया कि बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार के तत्वावधान में यह अभियान समस्त कन्वर्जन विभागों,जनप्रतिनिधियों, डेवलपमेंट पार्टनर के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ताओं को समुदाय में छह माह तक के बच्चों को केवल स्तनपान कराना सुनिश्चित करना है। डीपीओ ने बताया कि छह माह से कम आयु के शिशुओं में मां के दूध के साथ-साथ पानी पिलाना केवल स्तनपान कि प्रमुख बाधाओं में से एक है। यह व्यवहार गर्मियों में बढ़ जाता है। इसलिए गर्मियों में शिशुओं के लिए केवल स्तनपान सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान आयोजित किया जा रहा है। जिससे शिशुओं के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार हो सके। डीपीओ ने बताया कि छह महीने तक सिर्फ स्तनपान बच्चे के लिए अमृत के समान होता है। बाल मृत्यु दर में कमी लाने के लिए आवश्यक है कि जन्म के एक घंटे के अंदर बच्चे को स्तनपान शुरू करा दिया जाए। डीपीओ ने बताया कि



स्तनपान न केवल बच्चों को स्वस्थ रखता है,बल्कि स्तनपान कराने वाली माताओं को भी कई बीमारियों का खतरा कम करता है,जैसे कि स्तन कैंसर,माताओं में डिम्बग्रंथि का कैंसर। मां और बच्चे के बीच आपसी प्यार बना रहता है। नियमित स्तनपान की अवधि के दौरान गर्भधारण की संभावना भी कम हो जाती है और मां भी स्वस्थ रहती है। डीपीओ ने बताया कि अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सुपरवाइजर और सीडीपीओ को प्रशिक्षण दे दिया गया है साथ ही आज लगे ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवम पोषण दिवस पर अपने बच्चों को टीका लगवाने आई महिलाओं को स्तनपान के बारे में जागरुक किया गया डॉ भीमराव अंबेडकर चिकित्सालय महिला में तैनात बाल रोग विशेषज्ञ डॉ रतनलाल ने बताया कि बच्चे को जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान शुरू कर देना चाहिए। दूध में मौजूद एंटीबॉडी बच्चे को जीवन भर कई बीमारियों से बचाते हैं। पहले 6 महीने बच्चे को सिर्फमां का दूध ही पिलाना चाहिए और कुछ नहीं देना चाहिए। छह महीने के बाद मां को अपने दूध के साथ पूरक आहार देना शुरू कर देना चाहिए और 2 साल तक स्तनपान जारी रखना चाहिए। डॉ रतनलाल ने बताया कि बच्चे को अगर मां का दूध न पिलाया जाए तो वह अक्सर बीमार रहना शुरू कर देता है। उसका मानसिक व शारीरिक विकास रुक जाएगा। जो महिलाएं घर से बाहर काम के लिए जाती हैं,वे अक्सर बच्चे को डिब्बेवाला दूध देना शुरू कर देती हैं। यह फायदे के बजाय नुकसान ही करता है। डॉ0रतनलाल ने बताया कि कुछ महिलाएं नवजात को घुट्टी,शहद,गाय या बकरी आदि का दूध पिलाती हैं,जो कि बिल्कुल गलत है। मां का दूध ही बच्चे के लिए सबसे जरूरी होता है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 5 (2019 21) के अनुसार जिले में छह माह तक के 71.1प्रतिशत बच्चों ने स्तनपान किया जो एनएफएचएस 4(2015- 16) के अनुसार 57.6प्रतिशत से अधिक हैस यह कहीं न कहीं लोगों में जागरूकता का ही परिणाम है जो लोगों ने स्तनपान के महत्व को समझा।

# मतदान के बाद हार जीत पर हो रही चर्चाएं

## बसपा ने बिगाड़ा भाजपा का गणित

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

हरदोई शाहाबाद जनपद की सबसे चर्चित नगर पालिका शाहाबाद में चार मई को संपन्न हुए मतदान के बाद हार जीत को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है ।हर तिराहे चौराहे पर हार जीत की गणित लगाई जा रही है ।बसपा ने जोर शोर से चुनाव लड़कर भाजपा की गणित बिगाड़ दी है ।बाकी सभी प्रत्याशियों का भाग्य मत पेटी में बंद है ।देखना है आने वाली 13 मई को जीत का सेहरा किसके सर पर बांधा जायेगा। ज्ञात रहे शाहाबाद नगर पालिका अध्यक्ष पद की सीट पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित कर दी गई थी ।इससे शाहाबाद नगर से भाजपा से अध्यक्ष पद का चुनाव लडने वाले सवर्ण प्रत्याशियों के सीने पर सांप लोट गया था। हाई कोर्ट के दखल के बाद बने पिछड़ा वर्ग आयोग के सर्वे के बाद शाहाबाद नगर पालिका अध्यक्ष पद को पिछड़ा वर्ग से सामान्य वर्ग में परिवर्तित कर दिया गया ।भाजपा में पिछड़ा वर्ग के टिकट के दावेदारों का होली मिलन और टिकट की आस की दौड़भाग में लाखों रुपया पानी की तरह बह गया था ।सामान्य सीट होने पर भाजपा नेतृत्व ने पिछड़ा वर्ग को छोड़ते हुए सामान्य वर्ग के डा संजय मिश्र पर अपना भरोसा जताते हुए अपना प्रत्याशी घोषित किया ।भाजपा सिंबल पर तीन बार चुनाव हारने वाले फायर ब्रांड हिंदू नेता राजेंद्र मिश्रा का टिकट काट दिया गया ।तो उन्होंने अपनी पत्नी माल श्री मिश्र का नामांकन कर आजाद चुनाव लडने की घोषणा कर दी ।हालांकि शाहाबाद विधायिका और अन्य नेताओं ने राजेंद्र मिश्रा को चुनाव मैदान से अलग कर उनका नामांकन वापस करवा दिया था ।लेकिन फिर भी टिकट न मिलने का दर्द राजेंद्र समर्थकों के दिलों में बैठा रहा ।दूसरा पिछड़ा वर्ग में लालाराम राजपूत का टिकट को ऐन वक्त पर काटकर सामान्य वर्ग को देने से पिछड़ा वर्ग भी अंदर से भाजपा से नाराज हुआ दिखा ।बसपा ने पिछड़ा वर्ग के पवन रस्तोगी को अपना प्रत्याशी बनाकर भाजपा की गणित को बिगाड़ने का कार्य किया। अब मतदाता ने कितना विश्वास भाजपा पर दिखाया कितना मान मन्नौवल काम आया ये नतीजों पर स्पष्ट होगा ।शाहाबाद में मतदान के बाद हार जीत पर चर्चाएं हर तरफ होती दिख रही हैं ।हर कोई साइलेंट चुनाव पर आश्चर्य कर रहा है ।हिंदू वोटर पर सरकार के दवाब की चर्चाएं हो रही है ।मतदान के एक दिन पूर्व सत्ता के विरोधी एक दर्जन से अधिक लोगों को पुलिस ने नजर बंद कर दिया ।वहीं सपा प्रत्याशी आसिफ खान बब्बू के बिना किसी मीटिंग और बिना जुलूस के चुनाव की चर्चा भी हर जगह हो रही है।

# दो पक्षों में कहासुनी के बाद ईंट पत्थर चलने का वीडियो हुआ वायरल

## लाठी डंडे से लैस होकर मारपीट का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

हरदोई। कछौना इलाके में दो पक्षों में कहासुनी के बाद जमकर ईंट पत्थर चले हैं। एक पक्ष का दूसरे परिवार पर पत्थर चलाने का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। मामले में पीड़ित पक्ष ने 6 लोगों के विरुद्ध तहरीर दी है। पुलिस मामले में जांच कर कार्रवाई में जुटी है। बताते चले कि कछौना थाना क्षेत्र के ग्राम खजौहना निवासी इशरत ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि पड़ोस के लोगों से उनका विवाद हो गया था। जिसके बाद पड़ोसी सिद्दीक, कुदुस बद्दू, मरगूब, मोहसिन और उनके पिता अय्यूब आज दोपहर लाठी डंडों से लैस होकर इनके घर पर आए और चढ़ाई कर दी। आरोप है कि



परिजनों को मारने पीटने के बाद वह इनके घर पर रखी नकदी भी लूट ले गए। इसके साथ ही घर का सामान भी तोड़ डाला है। मामले में एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें आरोपी कुदूस पीड़ित के घर पर ईंट पत्थर चलाता नजर आ रहा है। एएसपी पूर्वी नृपेंद्र कुमार ने बताया कि कछौना इलाके में दो पक्षों में मारपीट का एक वीडियो वायरल हो रहा है।

जिसमें एक युवक दूसरे पक्ष के घर पर ईंट पत्थर चलाता नजर आ रहा है। मामले में तहरीर प्राप्त हुई है, जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# गौशाला बनी कब्र साला भूख प्यास से तड़प तड़प कर जान गवा रहे बेज़ुबान

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

हरदोई क्षेत्र की ग्राम पंचायत सण्डिला की गौशाला का हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. वैसे देखा जाए तो गौशालाओं की दुर्दशा की तस्वीरें आम बात हो गई है. मुख्यमंत्री भले ही गौवंश के संरक्षण को लेकर सजग और संवेदनशील हो, लेकिन पशु चिकित्सा विभाग व ग्राम विकास विभाग के अफसर संवेदनहीन बने हुए हैं, जिससे गौशाला 'कब्रगाह' बन रही है. वहीं, गौशाला मैं कैद बेजुबान भूख प्यास से तड़प रहे गौवंशो को कुत्ते नोंच रहे हैं. इस दौरान ग्रामीणों ने गौशाला का एक वीडियो बनाकर वायरल किया है, जिसमें मृतक गौवंशों के शरीर को कुत्ते नोंच रहे हैं और स्थानीय अधिकारी अनजान बने हुए



हैं.दरअसल, ये मामला क्षेत्र की सडिला गौशाला का रविवार का बताया जा रहा है, जहां पर गौशाला में ताला पड़ा हुआ है और गौशाला की देखरेख करने वाला केयरटेकर भी वहां पर मौजूद नहीं रहता वहीं आसपास खेत में काम कर रहे किसानों ने बताया कि आए दिन गौशाला की यही स्थिति है गोपशु मर जाने के बाद इधर उधर खुले में फेंक दिए जाते हैं, जिनकी दुर्गंध से खेत पर काम भी करना व यहां से निकलना भी मुश्किल होता है। रोजाना इस गौशाला में कई गायों की मौत हो रही है, और जिम्मेदार अधिकारी मौन बने हुए हैं. जानवरों की मौत का आलम यह है कि मरे हुए जानवरों के साथ-साथ बहुत ही कमजोर अधमरे जानवर भी खुले मैदान में पड़े रहते हैं. जिन्हें कुत्ते नोंच कर खाते रहते हैं। उनकी दुर्दशा को देखने वाला कोई नहीं आता इससे अच्छा तो इन्हे आजाद कर दिया जाए ताकि इनकी यह दुर्दशा ना हो।

## आवारा कुत्तों के हमले में बंदर की मौत

संवाददाता, हरदोई। शाहाबाद कस्बे के दिलेरगंज में एक बीमार बंदर को आवारा कुत्तों ने घेर लिया। फिर उसे तब तक नोचा जब तक वह मर नहीं गया। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई और अब जमकर वायरल हो रही है। जिस पर नगर के लोग तमाम तरह की प्रतिक्रिया दे रहे है। बताते चले कि शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दिलेरगंज में ज्ञानी होटल के सामने वाली गली में एक बीमार और लाचार बंदर घूम रहा था। जिसको तीन आवारा कुत्तों ने घेर लिया और नोच-नोच कर मार डाला। बंदर काफी देर तक वही पर पड़ा रहा। जिसको देखकर लोग निकलते रहे लेकिन किसी ने उस तरफध्यान तक नहीं दिया। तभी वहां से गुजर रहे व्यापार मंडल के महामंत्री संजू बागा ने जब पालिका प्रशासन को सूचना दी। तब जाकर कहीं पालिका प्रशासन ने बंदर के शव को गली से उठाया। कुत्तों के बंदर पर किए गए हमले का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। जिसमें आवारा कुत्ते बंदर पर बुरी तरह से हमला कर रहे हैं और उसे नोच रहे है। बंदर अपना बचाव करता रहा लेकिन कुत्ते उस पर हमलावर रहे। जिससे बंदर तीन कुत्तों से अपने को नहीं बचा सका और उसने दम तोड़ दिया। बंदर पर हमले का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। फिलहाल वायरल वीडियो में एक बंदर अपने साथी को बचाने के लिए उतरने का प्रयास करता है, लेकिन जब तक लाचार बंदर को तीनों कुत्ते बेदम कर चुके थे। कुत्तों के लाचार बंदर पर हमले की घटना से लोगों की रूह कांप उठी है।

## पूर्व सभासद को पिकअप डाला से टक्कर मार कर किया घायल

संवाददाता, हरदोई। शाहाबाद नगर पालिका के पूर्व सभासद को उनके चुनावी विरोधियों ने पिकअप डाला से टक्कर मारकर कुचलने का प्रयास किया ।जिसमे सभासद बुरी तरह घायल हो गया ।जिसका इलाज जिला अस्पताल के बाद निजी अस्पताल में चल रहा है ।कोतवाली पुलिस घटना की जांच कर रही है। प्राप्त विवरण में शाहाबाद नगर पालिका के पूर्व सभासद रामचंद्र गुप्ता गुड्डू ने बताया कि शनिवार की रात 9 बजे सरदार गंज चौकी के सामने खड़े थे तभी राजनीतिक विरोध के कारण चुनाव में प्रतिद्वंदी सचिन राठौर के समर्थक शुभम श्रीवास्तव अंशु राठौर शिवम राठौर ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ मिलकर पिकअप डाला से टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया ।घायल करने के बाद उपरोक्त जान से मार डालने की धमकी देते हुए चले गए ।पूर्व सभासद गुड्डू ने बताया चुनाव प्रचार के समय भी उपरोक्त ने जान से मारने की धमकी दी थी ।घायल होने पर मोहल्ले के लोगों ने शाहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भिजवाया जहां से इलाज हेतु जिला अस्पताल रिफर किया गया था ।इस समय निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। कोतवाली पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## बैंक के सामने से दिन दहाड़े साइकिल चोरी

संवाददाता, हरदोई। शाहाबाद दिन दहाड़े बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने से साइकिल चुरा कर चोरों ने फिर कोतवाली पुलिस की निगरानी व्यवस्था को चुनौती दी है ।शाहाबाद कोतवाली के गांव गहोरा निवासी राम बक्स सोमवार को कुछ कार्य से बैंक ऑफबड़ौदा आया था। बैक के बाहर अपनी साइकिल ताला लगाकर खड़ी कर बैंक चला गया ।दस मिनट बाद वापस आने पर उसकी साइकिल नदारद थी ।दस मिनट में ही चोर उसकी साइकिल लेकर रफूचक्कर हो गए ।राम बक्श ने साइकिल चोरी का प्रार्थना पत्र कोतवाली में दिया है ।पुलिस ने बताया कि बैंक की सीसी टीवी फुटेज से पता लगाकर जल्द ही साइकिल बरामद की जाएगी।

## बाइक से गिरकर चार घायल

संवाददाता, राठ, हमीरपुर। कोतवाली के औड़ेरा गांव निवासी 35 वर्षीय शैलेंद्र कुमार पुत्र बालकिशन बाइक से राठ आ रहा था। तभी रास्ते में संतुलन बिगड़ जाने पर वह बाइक से गिरकर घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहीं फतेहपुर निवासी 29 वर्षीय सालिगराम पुत्र हलीम, धनौरी गांव निवासी 17 वर्षीय पवन पुत्र हल्कू, मुस्करा थाने के बिहूंनी गांव निवासी 55 बल्ली पुत्र शिवचरन मार्ग दुर्घटना में गिरकर घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

# ट्रेन से गिरने से महिला की मौत, पैर फिसलने से हुई दुर्घटना



संवाददाता, हरदोई। शाहाबाद के इलाके में ट्रेन से गिरकर एक महिला की मौत हो गई। **रायबरेली जिले की निवासी प्रकाशित किया गया**। वह अपने गांव रायबरेली जिले के जगतपुर जा रही थी। तभी अहमदाबाद के पास महिला का पैर फिसला और गिरकर उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचने पर पुलिस ने शव व्यवसाय में विवरण के लिए भेज दिया है। बताया गया कि शाहाबाद थाना इलाके के दरियापुर बिक्कू के पास से एक महिला ट्रेन से गिरी। जिसके सिर में चोट लगने से वन्यजीवों की मौत हो गई। महिला रायबरेली जिले के जगतपुर गांव निवासी हैं। जिनकी पहचान आशारानी पत्नी रमेश कुमार (35) के रूप में हुई है। सीधे दर्शियों के मुताबिक पैर फिसलने से महिला ट्रेन से नीचे गिर गई। सिर पर गंभीर चोट लगने से महिला की गंभीर चोट लगने से मौत हो सकती है। सूचना पर पहुंचने पर पुलिस ने शव व्यवसाय में विवरण के लिए भेजा। गरुपा के घर को दुर्घटना की सूचना दी है। सूचना मिलने पर रिश्तेदारों में कोहराम मच गया है।

# अतिसंवेदनशील बूथों का किया गया निरीक्षण

## प्रेक्षक द्वारा मतगणना कार्मिकों के चल रहे प्रशिक्षण का किया गया निरीक्षण

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

सुलतानपुर ध्नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराने हेतु राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक विशेष सचिव प्रशासनिक सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ राजाराम द्वारा सोमवार को नगर पंचायत लम्भुआ व नगर पंचायत कोईरीपुर के अन्तर्गत मतदान एवं मतगणना की तैयारियों, स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल, संवेदनशीलध्अतिसंवेदनशील बूथों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत लंभुआ के अन्तर्गत बने बूथ-सर्वोदय इंटर कॉलेज लंभुआ, एस.एस. कान्वेंट पब्लिक स्कूल अंबा का निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को चुनाव की तैयारियों के दृष्टिगत आवश्यक दिशा निर्देश दियेद्य नगर पंचायत कोइरीपुर में मतदान एवं मतगणना की तैयारियों की समीक्षा की गयी तथा संवेदनशीलध्अतिसंवेदनशील-बूथों यथा- नगर पंचायत कार्यालय कोइरीपुर व प्राथमिक विद्यालय



कोईरीपुर प्रथम तथा प्राथमिक विद्यालय कोइरीपुर द्वितीय का निरीक्षण किया गया। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शुचिता व पारदर्शिता का अनुपालन करते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में चुनाव सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेंद्य विकास भवन के प्रेरणा सभागार में रिटर्निंग ऑफीसरध्एआरओ व मतगणना कार्मिकों के चल रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राजाराम विशेष सचिव, प्रशासनिक सुधार विभाग ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा - निर्देश के क्रम में शुचिता व निष्पक्षता के साथ मतगणना को संपन्न कराना है। उन्होंने पूरी निर्वाचन प्रक्रिया को समयबद्ध व भयमुक्त वातावरण में कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर एसडीएम लम्भुआ वन्दना पाण्डेय, पुलिस क्षेत्राधिकारी अब्दुस सलाम खान, लाइजन ऑफिसरजिला आबकारी अधिकारी हितेन्द्र शेखर, अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत लम्भुआ अमित सिंह, सहायक लाइजन ऑफिसर/असिस्टेन्ट कमिश्नर वाणिज्य कर रामशंकर सहित अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

# सपा प्रत्याशी दानिश खान के लिए दो पूर्व मंत्री व दो पूर्व विधायकों की प्रतिष्ठा लगी दांव पर क्रासर

**उप्र सरकार के पूर्व मंत्री चौधरी धूराम व रामाधार, पूर्व विधायक डॉ अम्बेश व अनिल की प्रतिष्ठा दांव पर**

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



राठ, हमीरपुर। निकाय चुनाव की तारीखें नजदीक आते ही तमाम दिग्गज नेताओं की शाख दाँव पर लगी है। अगर बात की जाए समाजवादी पार्टी प्रत्याशी के समर्थन की जाए तो सबसे ज्यादा पूर्व मंत्री व पूर्व विधायकों की साख समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी दानिश खान को जिताने में दांव पर लगी हुई है। वैसे तो दानिश खान को जनता का खासा समर्थन मिल रहा है। लेकिन फिर भी उत्तर प्रदेश सरकार के दो पूर्व मंत्रियों व दो पूर्व विधायकों की प्रतिष्ठा समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जिताने में दांव पर लगी है। अब देखना यह होगा कि इन बड़े दिग्गज नेताओं के समर्थक समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी दानिश खान को कितना वोट करते हैं। बताते चलें कि वर्तमान समय में समाजवादी पार्टी के पास नगर पालिका क्षेत्र राठ से ताल्लुकात रखने वाले उत्तर प्रदेश सरकार के दो पूर्व मंत्री चौधरी धूराम लोधी व रामाधार लोधी है। जबकि दो पूर्व विधायकों में डॉक्टर अंबेस कुमारी व अनिल अहिरवार हैं। जहां इन चारों दिग्गज नेताओं की प्रतिष्ठा दानिश खान को चुनाव जिताने में दांव पर लगी है। बेशक यह चारों दिग्गज बहुत मेहनत कर रहे हैं। लेकिन यह तो आने वाला समय ही बताएगा कि इनकी मेहनत कितना फल देती है। लेकिन यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि अपनी प्रतिष्ठा बचाने के लिए ये चारों दिग्गज जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं। इसके अलावा बात की जाए तो समाजवादी पार्टी के जिला पंचायत सदस्य राम सजीवन यादव व समाजवादी बाबा साहब वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव व सत्यपाल यादव की भी प्रतिष्ठा दानिश खान को चुनाव जिताने में दांव पर लगी है। ये तो आने वाला समय ही बताएगा की जनता किसके सिर पर नगर पालिका अध्यक्ष पद का ताज पहन आती है और किसे अपना सिरमौर बनाती है।

# ब्लाक प्रमुख सत्यभामा मौर्य ने किया निरीक्षण व लोकार्पण



स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

ऊँचाहार, रायबरेली। ब्लाक क्षेत्र की लगभग एक दर्जन ग्राम पंचायतों में क्षेत्र पंचायत विभाग द्वारा बनवाई गयी इंटरलॉकिंग सड़कों का ब्लाक प्रमुख सत्यभामा मौर्य द्वारा निरीक्षण करते हुए लोकार्पण किया गया। सोमवार की दोपहर बाद ब्लाक क्षेत्र की किशुनदासपुर, पचखरा, रामसांडा, खुर्रमपुर,कंदरावां, भागीपुर, बहेरवा, मुरारमऊ समेत करीबन एक दर्जन ग्राम पंचायतों में क्षेत्र पंचायत विभाग द्वारा बनवाई गई इंटरलॉकिंग सड़कों का ब्लाक प्रमुख सत्यभामा मौर्य, बीडीओ हरिश्चंद्रचंद्र गुप्ता व जेई रमेश चन्द्र द्वारा निरीक्षण किया गया और कार्य संतोषजनक पाये जाने पर ब्लाक प्रमुख द्वारा सभी सड़कों का लोकार्पण किया गया। प्रमुख प्रतिनिधि बी एन मौर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में 5 से 7 लाख की लागत से बनने वाली करीबन एक दर्जन इंटरलॉकिंग सड़कों का निर्माण कराया गया है और क्षेत्र पंचायत विभाग द्वारा विकास की गति को बढ़ाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। वहीं पूर्व में सभी सड़को का शिलान्यास राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह द्वारा किया गया था। इस मौके पर ग्राम प्रधान राकेश कुमार, ग्राम प्रधान जगन्नाथ मौर्य, समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# प्रेमिका ने परिवार के साथ की थी युवक की हत्या

## चाचा-मां ने देख लिया था दोनो को एक साथ

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता




इटावा। इटावा में प्रेम प्रसंग के चलते प्रेमिका के परिजनों ने युवक की हत्या कर दी। पुलिस ने मामले का खुलासा किया है। दो दिन पूर्व युवक का शव भूसे की कोठरी में बरामद हुआ था। नाबालिग प्रेमिका भी अपने प्रेमी की हत्या में शामिल थी। पुलिस ने प्रेमिका समेत उसकी मां और चाचा को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। बताते चलें कि बीते शुक्रवार को बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम नगला परसे में एक युवक का शव भूसे के कमरे में बरामद हुआ था। घटना का आज पुलिस ने खुलासा किया है और तीन आरोपियों को जेल भेजा है। बताया जा रहा है कि 22 वर्षीय अभिषेक पुत्र दलवीर सिंह निवासी नगला परसे थाना बकेवर का शव उसके घर से 200 मीटर दूर एक भूसे की कोठरी में पड़ा मिला था। शनिवार को एक महिला जब भूसा लेने पहुंची तो उसने शोर मचाया। सूचना पर एसएसपी,फोरेंसिक टीम मौके पर मुआयना करने पहुंचे थे। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि हत्या की घटना का खुलासा करने के लिए कई टीमें लगाई गई थीं। इसमें पता चला कि नाबालिग लड़की से मृतक अभिषेक का प्रेम प्रसंग था।

**गला कसने से मौत की वजह आई सामन**

लड़की के परिजनों ने दोनों को एक साथ देख लिया था,जिसके बाद अभिषेक के सिर पर डंडे से वार करके पहले उसे घायल कर दिया उसके बाद उसका गला कसकर उसको मौत के घाट उतार दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी पहले सिर में डंडा मारकर घायल उसके बाद गला कसकर मौत का मामला सामने आया है। इस घटना में पुलिस ने पूछताछ करके लड़की उसकी मां और उसके चाचा को दोषी माना है, जिसके बाद तीनों लोगों को जेल भेज दिया गया है।

# अच्छे अंक पाने वाले छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता




ऊँचाहार, रायबरेली। क्षेत्र के एनटीपीसी आवासीय परिसर स्थित सरस्वती विधा मंदिर इन्टर कालेज में सोमवार की दोपहर बाद आयोजित सम्मान समारोह में यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रदेश में दसवां स्थान पाने वाली श्रद्धा सिंह समेत अच्छे अंक पाने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, तथा परियोजना के वरिष्ठ प्रबंधक ने विद्यालय के अध्यापकों के साथ सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि अभय कुमार समैयार ने प्रतिभाओं को उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि हमारे बीच प्रतिभाओं की कमी नहीं है सिर्फ उन्हें निखारने की आवश्यकता है। जिसके लिए विद्यालय के अध्यापक व अभिभावकों की अहम भूमिका होनी चाहिए। यही बच्चे उच्च शिखर पर पहुंचकर अपने अभिभावकों व विद्यालय, क्षेत्र समेत देश का नाम रोशन करते हैं। समारोह के अंतर्गत शरद सोनी, अमित सिंह, सृष्टि मौर्या, आदेश रत्न पाठक, योगेंद्र कुमार रावत, विशेष कुमार पटेल, वंशिका सिंह, अर्पणा शुक्ला, अंकित विश्वकर्मा, अर्शेंद्र सिंह चौहान, आयुषी पाठक, आंचल यादव, आस्था यादव, आकांक्षा यादव, आंचल मौर्य समेत मेधावी छात्र एवं छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर एनटीपीसी परियोजना के अनिल कुमार डैंग, वरिष्ठ मुख्य प्रबंधक राजेश कुमार सिंह के अलावा विद्यालय प्रबंधन व प्रधानाचार्य बालकृष्ण सिंह, चिन्मय विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह, डीएवी विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ डीके मिश्र, नरेंद्र यादव साहब लाल, जितेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# हर्ष फायरिंग में अधेड़ को लगी गोली, इलाज के दौरान मौत

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

खीरों, रायबरेली। शनिवार को रात लगभग नौ बजे जसमऊ गांव में हर्ष फायरिंग के दौरान गोली लगने से घायल हुए अधेड़ की सोमवार को सुबह इलाज के दौरान ट्रामा सेन्टर लखनऊ में मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत की खबर घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। 20 दिन बाद होने वाली बेटी की शादी की खुशियां मातम में बदल गई। पुलिस ने हल्का इंचार्ज उपनिरीक्षक की तहरीर के आधार पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। जसमऊ निवासी जयशंकर मिश्रा उर्फराजू मिश्रा (55) खेती बाड़ी का काम करते हैं। उनकी पत्नी मीना मिश्रा आशा बहू के पद पर तैनात हैं।उनकी बड़ी बेटी ज्योति की शादी हो चुकी है। बेटे अंकित मिश्रा की शादी होनी शेष है। छोटी बेटी आरती की शादी मृतक जयशंकर मिश्रा उर्फराजू मिश्रा (55) ने पड़ोसी गांव भीतरगांव निवासी कृष्णा तिवारी के बेटे अमित तिवारी से तय की थी। आगामी 21 मई को बेटी का तिलक और 28 मई को बेटी आरती की शादी होनी थी। लेकिन इस घटना से घर में चल रही शादी की तैयारी धरी की धरी रह गई और शादी की खुशियां मातम में बदल गई। क्योंकि शनिवार को इसी गांव के शेर बहादुर सिंह के बेटे छोटेसिंह के तिलक समारोह में चल रहे आर्केस्ट्रा कार्यक्रम के दौरान कुछ अज्ञात युवकों ने कई राउंड हर्ष फायरिंग की। हर्ष फायरिंग के दौरान आर्केस्ट्रा देख रहे जय शंकर मिश्रा उर्फराजू मिश्रा (55) के पेट में गोली धस गई और वह जमीन पर गिरकर तड़पने लगे। इस घटना से पूरे गांव में हड़कंप मच गया और आयोजकों में अफरातफरी मच गई। इसी बीच मौका पाकर आरोपी फरार हो गए। परिवारीजन घायल राजू मिश्रा को लेकर आनन-फानन जिला अस्पताल पहुंचे। जहां से नाजुक हालत में उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान सोमवार को सुबह लगभग साढ़े आठ बजे उसकी मौत हो गई। मौत की खबर घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया।इस हृदय विदारक घटना से मृतक की पत्नी मीना मिश्रा, बेटा अंकित मिश्रा, बेटी ज्योति, आरती मिश्रा सहित सभी परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इधर खीरों थाने में हल्का इंचार्ज उपनिरीक्षक दिलीप शर्मा की तहरीर के आधार पर अज्ञात हर्ष फायरिंग करने वाले युवकों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से गांव में पुलिसबल तैनात कर दिया गया है। थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार अवस्थी ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। रविवार की रात में हर्ष फायरिंग करने वाले अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। अभी पीड़ित पक्ष द्वारा कोई तहरीर नहीं दी गई है। पीड़ित पक्ष से तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# पीलीभीत में बोले केशव प्रसाद मौयरु कांग्रेस, सपा और बसपा आईसीयू में, इन्हें ऑक्सीजन देने की जरूरत नहीं



स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

पीलीभीते। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा आईसीयू में पड़े हैं। इन्हें स्थानीय निकाय चुनाव में ऑक्सीजन देने की जरूरत नहीं है। ऑक्सीजन मिलने पर ये सत्ता में आ जाएंगे और गुंडागर्दी शुरू कर देंगे। उपमुख्यमंत्री ने सोमवार को पीलीभीत और बीसलपुर में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि 11 मई के चुनाव में कमल का बटन दबा दोगे तो माफियाओं और गुंडों की गर्दनें अपने आप दब जाएंगी। जब नगरपालिका की सरकार मजबूत बनेगी, तभी नगर का अपेक्षित विकास हो पाएगा। अन्य राजनीतिक दल गरीबी हटाओ का नारा तो देती है, लेकिन काम नहीं करती हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा गरीबी हटाने का नारा नहीं देती, लेकिन गरीबी हटाने का काम करती है। भाजपा के लोग गरीबों का दर्द बखूबी जानते हैं। जो लोग चांदी का चम्मच लेकर पैदा होते हैं, वे लोग गरीबों का दर्द नहीं जानते। उन्होंने बताया कि भाजपा की सरकार अब तक किसानों, मजदूरों महिलाओं एवं अन्य पात्रों को 27 लाख करोड़ रुपये का भुगतान कर चुकी है।

**पिछली सरकारों पर साधा निशाना**

उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों में स्वीकृत धनराशि का 15 प्रतिशत योजनाओं में लगता था और 85 प्रतिशत दलालों की जेबों में चला जाता था। भाजपा की सरकारों में स्वीकृत धनराशि का 100 प्रतिशत लाभर्थियों तक पहुंचता है। भाजपा सरकार ने सभी वर्गों, धर्मों के कल्याण के लिए तमाम योजनाएं चला रखी हैं। स्थानीय निकाय चुनाव से वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के बारे में संदेश जाएगा। केवल भाजपा प्रत्याशियो को जिताना ही नहीं बल्कि विरोधियों की जमानत भी जब्त करानी है।छुट्टआ पशुओं की समस्या पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इसके स्थाई निस्तारण के लिए भरपूर मात्रा में बजट की व्यवस्था कर दी गई है। सभी क्षेत्रों में पशु आश्रय गृह बनवाए जाएंगे। छुट्टा पशुओं को उन आश्रय गृहों में भिजवाया जाएगा।

# भाजपा ने अपने प्रत्याशी के समर्थन में जनसम्पर्क कर झोंकी पूरी ताकत

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



पूरनपुर। भाजपा प्रत्याशी शैलेन्द्र गुप्ता ने पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरभाग सिंह के साथ जबरदस्त जनसम्पर्क किया। उन्होंने नगर पालिका परिषद पूरनपुर के मेन मार्केट से होते हुए लाइनपार गौंटिया में डोर टू डोर व दुकानों पर जनसम्पर्क किया और अपने पक्ष में वोट मांगे। जैसे-जैसे चुनाव प्रचार समाप्त होने को है वैसे-वैसे भाजपा से नगर के सभी प्रमुख चेहरे शैलेन्द्र गुप्ता के पक्ष में जनसम्पर्क करने उतर चुके हैं। आज उनके साथ प्रमुख रूप से भाजपा नेता व समाजसेवी हर्ष गुप्ता, डॉ तेजबहादुर सिंह तेजू, सुमित सचदेवा, कौशलेन्द्र भदौरिया,डॉ दिनेश गुप्ता, एड.संजय सक्सेना, संजय पाण्डेय,संजय विश्वास,सोनू आर्या,परगट सिंह,ब्रजेश गुप्ता,हर्ष प्रधान,रवि यादव, प्रदीप शर्मा, योगेश कुमार, सौरभ गुप्ता,जगदीश रस्तोगी, एड. हरीश सिंह चौहान,संजीव कुमार गुप्ता,संजय गुप्ता,अवनीश सक्सेना श्चुन्नूश,कन्हैया खंडेलवाल,अरविन्द गुप्ता श्पट्टेश,अवनीश शुक्ला,मानस शुक्ला,विवेक तिवारी,अरुण पाण्डेय,आकाशदीप सिंह के साथ भारी संख्या में भाजपा समर्थक साथ में रहे। भाजपा प्रत्याशी को खुला समर्थन प्राप्त हो रहा है जो दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। पूरनपुर में भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी और आज खबर मिली है कि पूरनपुर में हिन्दू हृदय साम्राज्ञी, फायर ब्रांड साध्वी प्राची आ रही हैं जो कि जगह जगह नुक्कड़ सभायें करेंगी इससे पूरनपुर में भाजपा को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

# मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें : जिलाधिकारी

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



शाहजहाँपुर। नगर निकाय सामान्य निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने सोमवार को नगर पंचायत खुटार एवं नगर पंचायत बंडा क्षेत्रों का भ्रमण किया। उन्होंने नगर पंचायत क्षेत्र खुटार के खंड विकास अधिकारी कार्यालय खुटार, काकोरी शहीद इंटर कालेज खुटार एवं गुरुनानक इंटर कालेज बंडा में बनाए गए मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पोलिंग बूथों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये और गर्मी के मौसम के दृष्टिगत शीतल पेय जल आदि की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाये। डीएम ने पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराए जाने के भी निर्देश दिए और मतदान की गोपनीयता सुनिश्चित करने हेतु पूर्ण प्रबन्ध किये जाने के निर्देश दिये। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत भी आवश्यक प्रबन्ध भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने मतदान के महत्व के विषय में बताते हुए सभी मतदाताओं से अपील की है कि वह 11 को अपने मतदान केंद्रध्बूथ पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक एस. आनंद ने आगामी निर्वाचन के दृष्टिगत प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया।

## कार की चपेट में आने से नागालैंड के बाइक सवार शिक्षक की मौत, दूसरा घायल

संवाददाता, जौनपुर। खुटहन थाना क्षेत्र स्थित एक बाजार के पास कार की चपेट में आने से बाइक सवार नागालैंड के एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। बताया जाता है कि क्षेत्र के जौकाबाद में आरआर कान्वेंट स्कूल में शिक्षक के पद पर कार्यरत पीकेटू पुत्र कनीटू और वीरू पुत्र जेम्स निवासी चुमुकेडिमा नागालैंड दोनों अपने परिवार के साथ इस स्कूल में बच्चों को पढ़ाया करते थे। रविवार शाम के लगभग 7रू30 बजे दोनों बाइक से सब्जी खरीदने के लिए निकले थे कि किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। जिससे वीरू की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे घायल पीकेटू को गंभीर रूप से घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया है जहां उसका उपचार चल रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटना करने वाले अज्ञात वाहन की तलाश करने में पुलिस जुट गई थी।

## प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च

संवाददाता, राठ, हमीरपुर। नगर निकाय चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरीके से सतर्क दिखाई दे रहा है। सुरक्षा को लेकर सोमवार को पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाला। जिसको लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। फ्लैग मार्च के दौरान प्रशासन ने मतदाताओं को मत डालने के लिए जागरूक किया। सोमवार को फ्लैग मार्च सीओ पीके सिंह के नेतृत्व में अर्धसैनिक बलों के साथ कोतवाली परिसर से अतरौलिया मोहल्ले से होकर जुगयाना, चरखारी रोड, रामलीला मैदान, स्टेट बैंक तिराहे, रानी गेट पड़ाव से वापस कोतवाली परिसर पहुंचा। इस पुलिस प्रशासन ने शांति पूर्ण तरीके से मतदान करने की अपील की। इस मौके पर कोतवाल भरत कुमार, मझगवां थानाध्यक्ष पंकज तिवारी, मुस्करा थानाध्यक्ष सहित अर्धसैनिक बल के जवान व पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## तमंचा के साथ युवक का वीडियो वायरल

संवाददाता, राठ, हमीरपुर। किसी विवाद को लेकर खुलेआम अवैध तमंचा लेकर झगड़ा करने जा रहे युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर कोतवाली पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए युवक गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाल भरत कुमार ने बताया कि कोतवाली के कुर्रा गांव निवासी अर्जुन सिंह का झगड़ा के हाथ लिए अवैध तमंचा का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसको संज्ञान में लेते हुए पुलिस ने युवक को तमंचा सहित बरामद किया है। बताया कि युवक का मेडिकल परीक्षण कराकर जेल भेज दिया है।

## भू-माफियाओं के हौसले बुलन्द....चारागाह की जमीन पर कब्जा करने के बाद विधवा की जमीन पर नजर

संवाददाता, महराजगंज, रायबरेली। चारागाह की जमीन पर कब्जा कर मकान बनाने के बाद हौसलाबुलन्द भूमाफिया ने अब बगल की पट्टे की जमीन पर भी नजर गड़ा दी है। पट्टे की जमीन पर कब्जा होता देख विधवा महिला ने तहसीलदार को पत्र देकर भूमाफिया के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है। घटना कोतवाली क्षेत्र के सेमरहा गांव की है। गांव की रहने वाली विधवा गुड्डन देवी पत्नी स्व0 हनोमान ने तहसीलदार अभिनव पाठक को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसकी भूमि गाटा संख्या 318 ख पट्टे की भूमि है। उसके बगल में चारागाह की भूमि है जिसपर कृपाशंकर विष्वकर्मा पुत्र ईश्वरदीन ने कब्जा कर मकान बना लिया है और अब उसकी जमीन पर भी निर्माण शुरू कर दिया है। मामले में तहसीलदार अभिनव पाठक ने लेखपाल को जांच के निर्देश दिये हैं।

## दो पक्षों के विवाद में युवक घायल

संवाददाता, महराजगंज, रायबरेली। पूरे अहलादी मजरे मऊ गांव में दो पक्षों के विवाद में एक युवक गंभीर रूप से घायल। जिला अस्पताल रेफर। रविवार देर शाम मऊ निवासी शैलेन्द्र सैनी पुत्र राम सजीवन पास के गांव पूरे अहलादी मजरे मऊ निवासी संजय पुत्र भगौती के घर गया था। जहां दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट होने लगी। मारपीट में शैलेन्द्र सैनी घायल होकर मौके पर ही गिर गया। घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज लाया गया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना शुक्रवार से शुरू हुई थी। अहलादी का पुरवा निवासी अजय पुत्र भगौती के विवाह की तैयारियां चल रही थी। कि उसका भाई संजय किसी काम से हनुमान गढ़ी स्थित पानी टंकी तक आया था। वहीं सड़क किनारे मोटरसाइकिल पर बैठे शैलेन्द्र सैनी ने संजय को रोककर दो तमाचे रसीद दिए। नाराज संजय भागते हुए घर पहुंचा तो उसके साथ परिजनों ने आकर शैलेन्द्र सैनी को मिलकर पीट दिया। पुन: रविवार को अजय की बारात वापस लौटी तो शैलेन्द्र सैनी अपने साथियों के साथ पूरे अहलादी निवासी संजय के घर पहुंच कर गाली-गलौज व तोड़ फोड़ शुर कर दी। तभी संजय के परिजन व रिश्तेदारों ने शैलेन्द्र को फिर से पीट दिया। घटना के बाद घायल शैलेन्द्र का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। कोतवाल श्याम कुमार पाल ने बताया कि तहरीर मिली है मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## सपा, बसपा और कांग्रेस अब आई.सी.यू. में जा चुकीं हैं : मौर्य

संवाददाता, शाहजहाँपुर। (जलालाबाद) उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने तहसील जलालाबाद में बीजेपी से पालिका पद के प्रत्याशी मनमोहन त्रिवेदी के समर्थन में एक जनसभा को सम्बोधित किया। कहा कि सपा और बसपा एवं कांग्रेस अब आई.सी.यू. में जा चुकीं हैं। उत्तर प्रदेश में जब से योगी सरकार बनी है पिछले 6 वर्षो में प्रदेश में सपा व अन्य पार्टियों की सरकारों द्वारा पाले हुए गुंडे और माफिया या तो दुनिया छोड़ गए या फिर प्रदेश छोड़कर चले गये। डिप्टी सीएम ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि पिछली सरकारों ने प्रदेश में जो गुंडे माफिया पैदा किए थे उन्हें साफकरके योगी सरकार ने प्रदेश में राम राज्य स्थापित कर दिया है। उन्होंने कहा कि लोग योगी और मोदी के सुशासन और विकास से बेहद प्रभावित हैं ऐसे में नगर निकाय चुनाव में बीजेपी भारी बहुमत से जीत हासिल करेगी। मौर्य ने कहा कि हम यहां पार्टी प्रत्याशियों की जीत के साथ विरोधियों की जमानत जप्त कराने की अपील करने आये हैं। डिप्टी सीएम ने कहा कि आज वह लोग जिनके कार्यकाल में उत्तर प्रदेश अपराधों की मंडी बना हुआ था हत्या लूट डकैती अपहरण फिरौती का उधोग खूब फल फूल रहा था वही लोग अब बीजेपी पर उंगली उठा रहे हैं। आज उत्तर प्रदेश में सभी धर्मों और जातियों के लोग एक सुरक्षित वातावरण में सांस ले रहे है। विकास की गति बड़ी है और बेरोजगारी खत्म हुई है। इस दौरान वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना और पी.डब्लू.डी. मंत्री जितिन प्रसाद मौजूद रहे।

## टेक होम राशन का सीडीओ ने लिया जायजा

संवाददाता, हरदोई । मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी ने पुष्टाहार उत्पादन ईकाई टड़ियावां और सुरसा का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय उपायुक्त स्वत: रोजगार मीना सिंह, खण्ड विकास अधिकारी, टड़ियावां नरोत्तम कुमार, बाल विकास परियोजना अधिकारी के साथ ही टीएचआर प्लांट संचालन करने वाली स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थीं। टेक होम राशन प्लांट टड़ियावां के निरीक्षण में साफ-सफाई की स्थिति अत्यंत ही खराब पायी गयी। प्लांट में काम करने वाली महिलाओं द्वारा हाईजनिक मास्क का प्रयोग नहीं किया जा रहा है। इसके अलावा स्टोर में रखा गया कच्चा मॉल भी अव्यवस्थित ढंग से रखा गया था, जिससे स्टोर क्षमता के अनुरूप कच्चा मॉल स्टोर नहीं हो पा रहा था। स्टोर की कमी दिख रही थी। प्लांट के बाहर नाली चोक पायी गयी। प्लांट के अन्दर गेहूं धुलाई स्थल पर जल निकासी की समस्या के साथ गन्दगी पायी गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने तैयार माल का निरीक्षण किया। पैकैट की पैकिंग निर्धारित मात्रा में कराने और कोई समस्या हो तो कम्पनी को लिखने के निर्देश दिये। गेहूं पीसते एवं साफ करते समय आटा एवं डस्ट मशीनों पर जा रही थी, जिससे मशीने गन्दी हो रही थीं और मक्खियां बैठ रहीं थीं।

# दलित व पिछड़े संगठित होकर अपने अधिकार की मांग करें : भारत लाल

संवाददाता



प्रयागराज। सामाजिक विकास के लिए रविवार को फूलपुर क्षेत्र के कोड़ापुर ग्राम सचिवालय में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे विद्वान वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखते हुए दलितों पिछड़ों के उत्थान के लिए संगठित होकर संघर्ष करने की रणनीति बनाई। गोष्ठी का नेतृत्व करते हुए अवकाश प्राप्त डीएफ्ओ बलकरनपुर निवासी भारत लाल ने कहा की आज दलित और पिछड़े वर्ग के लोग सामाजिक विकास के क्षेत्र में काफी पीछे होते जा रहे है देश में सबसे बड़ी संख्या होने के बावजूद भी इन्हे इनके अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है इसके लिए दलित और पिछड़े वर्ग के लोग संगठित होकर अपने अधिकारों की लड़ाई स्वयं लड़े। सहायक विकास अधिकारी अखिलेश कुमार ने कहा की समाज के लोगो को शिक्षा पर विशेष जोर देने की जरूरत है जिससे समाज के दलित और पिछड़े वर्ग के लोग आगे बढ़ सकते है। खंड शिक्षा अधिकारी मिथलेश कुमार ने अपना विचार रखते हुए कहा की सामाजिक समरसता लाने के लिए समाज के लोगो को जागरूक करना जरूरी है। वरिष्ठ पत्रकार मौजी लाल रावत ने उक्त जागरूकता गोष्ठी को गांव गांव तक टीम गठित करके लोगो को प्रेरित करने पर बल दिया। विजय कुमार सरोज ने गांवो में छोटे मोटे झगड़ो को आपस में बैठकर सुलझाने पर चर्चा करते हुए कहा की इससे गांव के लड़ाई झगडे थाने तक नही जायेगा जिससे समाज का विकास होगा। प्रधान योगेंद्र कुमार ने सामाजिक विकास के लिए गठित हो रही टीम में महिलाओं की भागीदारी करने का सुझाव दिया। राम औतार इंटर कालेज के प्रधानाचार्य रामसूरत यादव ने उक्त विचार गोष्ठी प्रत्येक माह अलग अलग गांवो में रखने का विचार रखा तो रूप चंद्र भारतीय ने उक्त गोष्ठी की सराहना करते हुए मुहिम को आगे बढ़ाने पर बल दिया। गोष्ठी की अध्यक्षता ढेलहा के पूर्व प्रधान रामराज तथा संचालन ग्राम रोजगार सेवक संघ फूलपुर के ब्लाक अध्यक्ष नूरुद्दीन उर्फ बबलू ने किया। इस मौके पर संजय कुमार, मोहम्मद अकरम,अनिल कुमार,रोहित सेन,मुकेश कुमार रावत उर्फ अंशू नेता,मदन लाल,कड़ेदीन चौधरी,राम प्रसाद,दानिश अहमद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# आजाद समाज पार्टी से पार्षद प्रत्याशी ने किया क्षेत्र में जनसंपर्क



संवाददाता

कानपुर। कानपुर आजाद समाज पार्टी वार्ड नंबर 4 से पार्षद प्रत्याशी विनय कुमार विन्नू ने क्षेत्र में जनसंपर्क किया इसके पूर्व में भी वह पार्षद पद पर लड़ चुके हैं और क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद मिला था इस दौरान उन्होंने मीडिया को बताया कि वार्ड 4 से पार्षद प्रत्याशी हूं और जनता से उनके आशीर्वाद का आकांक्षी हूं क्षेत्र में जल निकासी से लेकर मार्ग प्रकाश टूटी सड़कें साफ- सफाई जलभराव से निजात दिलाना मेरी पहली प्राथमिकता है और लोगों से बस यही कहना चाहूंगा कि वह अपना आशीर्वाद मुझ पर बनाए रखें और नगर निगम पहुंचाने की कृपा करें आपका सेवक हूं और अपने सेवक पर आशीर्वाद बनाए रखें।

# पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व में थाना खरेला क्षेत्र अन्तर्गत अर्धसैनिक बल के साथ किया फ्लैग मार्च / एरिया डोमिनेशन

संवाददाता



महोबा। पुलिस अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता द्वारा आगामी नगर निकाय निर्वाचन 2023 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु थाना खरेला क्षेत्रअन्तर्गत अर्द्धसैनिक बल सी.आई.एस.एफव थाना स्थानीय पुलिस बल के साथ फ्लैगमार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही नगर पंचायत खरेला अन्तर्गत पड़ने वाले विभिन्न अति संवेदनशील बूथों में भ्रमण कर निर्वाचन के दौरान सुरक्षा तंत्र विकसित किये जाने के निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा नगर निकाय निर्वाचन को पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक चुनाव सम्पन्न कराने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आदर्श आचार संहिता का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराये जाने तथा चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये जाने के निर्देश दिये गये साथ ही क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों/अराजकतत्वों पर पैनी नजर रखने व किसी भी अवांछनीय गतिविधि पर सम्बन्धित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिये गये । इस दौरान अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम, उपजिलाधिकारी चरखारी श्वेता पाण्डेय, थानाध्यक्ष खरेला यज्ञनारायण भार्गव, अर्धसैनिक बल सी.आई.एस.एफके जवान सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

# लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो लुटेरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संवाददाता



कानपुर। एक माह के अंदर मोटरसाइकिल से शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में लूट की ताबड़तोड़ वारदातें करके दहशत फैलाने वाले दो शातिर लुटेरों को थाना नौबस्ता पुलिस ने दबोच लिया है। दोनों ही अभियुक्तों से माह भर के अंदर हुई लूट की आधा दर्जन से अधिक वारदातें खुली हैं। पकड़े गए अभियुक्तों से पुलिस पूछताछ कर रही है। दोनों अभियुक्तों में से एक जनपद लखनऊ से एक हिस्ट्री सीटर है। कुछ दिन पहले प्रताप होटल के पास स्कूटी सवार महिला से चौन स्नैचिंग की घटना के सीसीटीवी फुटेज में कैद हुए लुटेरे आज फिर पिट्ठु बंग पीठ पर लादे नमक फैक्ट्री चौराहे के पास घटना को अंजाम देने की फिराक मे खड़े थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम को दो लोग मोटर साइकिल पैशन प्रो से प्रताप होटल की तरफ मोटर साइकिल स्टार्ट कर जाते दिखे। पुलिस टीम ने दोनों को आवश्यक बल प्रयोग करके पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान राजेश कुमार पुत्र स्वव छोटेलाल नि0 290 466 सती बगिया अनुपम नगर मोती झील थाना बाजार खाला जनपद लखनऊ उम्र करीब 35 वर्ष एवं विजय कुमार पुत्र स्व0 रामकुमार नि0 ग्राम जमालपुर ताना निजामाबाद जनपद आजमगढ उम्र 53 वर्ष को प्रताप होटल के सामने अण्डर पास के नीचे से निकलकर रामादेवी की तरफथाना क्षेत्र नौबस्ता कमिश्नरेट कानपुर नगर से समय करीब 20.50 बजे हिरासत पुलिस ने लिया गया। अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। पकड़ा गया अभियुक्त राजेश कुमार थाना बाजार खाला जनपद लखनऊ से हिस्ट्रीशीटर है। दोनों अभियुक्तों के खिलाफकानूनी कार्यवाही कर जेल भेजा गया।

# जुल्म के खिलाफ आवाज उठाना भी एक इबादत है : मौ.हसन कुमेली

संवाददाता



प्रयागराज। हडिंया तहसील के प्रतापपुर क्षेत्र के मियां के पुरा गांव स्थित मेहताब नकवी के निवास पर स्वर्गीय इसरार हुसैन नकवी की चेहल्लुम की मजलिस का आयोजन किया गया। जिसमें दिल्ली से आए हुए खतीबे अहलेबैत मौलाना सैयद हसन कुमेली ने कहा कि जोर जुल्म के खिलाफ आवाज उठाना भी एक इबादत है जुल्म करने वाला यह समझता है कि इस दुनिया में उस से बड़ा ताकतवर कोई नहीं है लेकिन वह इस बात को नहीं जानता कि इस दुनिया में सबसे बड़ा ताकतवर वह है जिसने इस दुनिया का निर्माण किया और इंसान को पैदा किया उस के आगे हर किसी की ताकत फेल हो जाती है उस ताकत को दुनिया खुदा और परमात्मा के नाम से जानता है उसके सामने हर ताकतवर नमसतक हो जाता है इस अवसर पर सोज और सलाम मंजर अल हिंद ने पढ़ा और पेश खानी डॉक्टर नयाब बलियावी ने और डॉक्टर कमर आबदी और अनीस जायसी ने पेश किया मजलिस का संचालन अब्बास पाशा दरियाबादी ने किया नोहा खानी हिंदुस्तान की मशहूर मारूफ अंजुमन मोहाफ़िज़े अज़ा ने पेश किया।

# जुंआ खेल रहे तीन अभियुक्त को पुलिस नें किया गिरफ्तार

संवाददाता




बीघापुर, उन्नाव। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी बीघापुर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बीघापुर पुलिस द्वारा जुंआ खेल रहे तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। उ0नि0 लक्ष्मण प्रसाद पाण्डेय मय हमराह फोर्स द्वारा ग्राम रुझई मे ग्राम पंचायत भवन के पास से जुंआ खेल रहे अभियुक्तगण, गुड्डू पुत्र सुन्दर नि0 ग्राम रामनाथ खेडा रुझई उम्र करीब 33 वर्ष, सुरेश पुत्र होरीलाल नि0 ग्राम बिजौली थाना बकेवर जनपद फतेहपुर हाल पता ग्राम रामनाथ खेडा रुझई उम्र करीब 30 वर्ष, राजू पुत्र मुन्सीलाल नि0 ग्राम रामनाथ खेडा रुझई उम्र करीब 32 वर्ष, के कब्जे से मालफड़ 1550 रूपये व 52 अदद ताश के पत्ते व जामातलाशी से 200 रूपये बरामद कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण के विरुद्ध मु0अ0सं0 73/2023 धारा 13 जुंआ अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही कि गई। गिरफ्तार करनें वाली टीम में, उ0नि0 लक्ष्मण प्रसाद पाण्डेय, हे0का0 संजय सिंह, हे0का0 देवेश कुमार, का0 प्रतीक यादव थाना, का0 अमित सिंह, का0 नरेन्द्र यादव, का0 यशपाल यादव मौजूद रहें।

# क्रेजी क्राउड इनडोर गेम जोन का भव्य शुभारंभ

संवाददाता



कानपुर। स्वरूप नगर स्थित गेजेस क्लब में क्रेजी क्राउड इंडोर गेम जोन का भव्य शुभारंभ यूपी विधानसभा अध्यक्ष मा0 सतीश महाना ने दीप प्रज्वलित करके किया इस दौरान श्रीमती रमन कपूर एवं कपूर परिवार की सभी महिलाओं का चेयरमैन पाल जैन एवं श्रीमती सरला जैन ने स्वागत किया। मुख्य अतिथि शसतीश महाना का सम्मान प्रदीप जैन ने साउथ से आई इलायची की माला एवं चन्दन के तिलक व चांदी का मुकुट, दुपट्टा माला से किया। विजय कपूर का स्वागत राजीव जैन ने अजय कपूर का स्वागत प्रशान्त अग्रवाल ने संजय कपूर का स्वागत सीए सुधीन्द जैन ने किया। डॉ. प्रीतम मेहरोत्रा (सचिव, गॅजेस क्लब) का सम्मान महेन्द्र जैन कटारिया, डायरेक्टर का सम्मान सन्तोष जैन (जन विहार), सी.ए. अरविंद जैन, नवीन जैन सिग्मा, सुरेन्द्र भसीन का स्वागत ऽ डाक्टर हेमंत मोहन के द्वारा दुपट्टा शाल, तिलक माला से किया गया।

# मोमिन की पहचान है अपने आस पास के बन्दे की परेशानी पर फौरन से पेश्तर पहुंचे : मौलाना बिलग्राम

संवाददाता, प्रयागराज। मस्जिद काजी साहब बख्शी बाजार में जुल्फेकार मिर्जा इब्ने अहमद मिर्जा की चालीसवें की मजलिस को खिताब करते हुए हैदराबाद से आए फख्रे कौम मौलाना सैय्यद आबिद बिलग्रामी ने कहा एक मोमिन की पहचान ऐसी होनी चाहिये की उसके आस पास के बन्दे को कोई परेशानी हो तो फौरन से पेश्तर पहुंच कर उसकी परेशानी को कमतर करने का सबब फराहम करें। मौलाना ने हरकदम पर शुक्रे खुदा करने की भी नसीहत दी। कहा हमें अल्लाह ने जो नेमत अता की उसका शुक्रिया अदा करने का सबसे सही रास्ता है बारगाहे खुदावन्दी में शुक्र का सजदा करो गुनाहों से तलाफी और अपने लिए दुआ मांगने से पहले दूसरों के हक में दुआ करो तो अल्लाह उसके तुफैल में तुम्हारी भी दुआ कुबूल करेगा।मौलाना करबला के शहीदों का भी जिक्र किया। कहा हजरत इमाम हुसैन ने करबला के मैदान में तेग और तलवारों के बीच नमाज अदा कर में पैगाम दिया है उसे राएगां मत जाने दो। मजलिस से पहले मोहम्मद हुसैन सल्लामहू कानपूरी ने अपने तास्सुरात से मौला हुसैन व मौला अब्बास की शान में मनकबत पेश की। रियाज मिर्जा ने गमगीन मर्सिया से पढ़ा। शहीर रालवी ने पेशख्वानी के फराएज अंजाम दिए।अन्जुमन अब्बासिया रानीमंडी के नौहाख्वानो ने पुरदर्द नौहा पढ़ा। उम्मुल बनीन सोसायटी के महासचिव सैय्यद मोहम्मद अस्करी के अनुसार मरहूम जुल्फेकार मिर्जा की चालीसवें की जनानी मजलिस नूरउल्लाह रोड स्थित मरहूम के आवास पर हुई। जिसे मोहतरमा आफरीन साहिबा ने खिताब किया।

# अतीक का चौथा नाबालिग बेटा अहजम भी पुलिस की राडार पर

संवाददाता, प्रयागराज। माफिया अतीक अहमद के वकील रहे खान सौलत हनीफके बयान से उमेश पाल हत्याकांड में माफिया के चौथे बेटे की एंट्री भी होते दिख रही है। सौलत ने बयान दिया है कि अतीक, अशरफ असद और वह बातचीत के लिए जिस फेसटाइम आईडी का इस्तेमाल करते थे उनमें से एक अतीक के नाबालिग बेटे अहजम की थी। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि इस आईडी से वह ही बात करता था लेकिन इस संबंध में जांच पड़ताल की जा रही है। सौलत को तीन अप्रैल को पुलिस ने कस्टडी रिमांड पर लिया था। इस दौरान उसके घर से तीन फोन बरामद किए गए। इनमें से एक आईफोन था जो उसे असद ने दिया था। इस आईफोन के फेसटाइम एप के जरिए ही वह असद, शाइस्ता, अतीक व अशरफसे बातें किया करता था। सूत्रों का कहना है कि आईफोन की जांच में उन फेसटाइम आईडी का पता चला जिन पर लगातार सौलत की बात होती थी। खास बात यह कि यह फेसटाइम आईडी अतीक के चौथे नंबर के नाबालिग बेटे अहजम की है। सौलत ने पुलिस को बयान दिया है कि इन्हीं चारों आईडी से वह आपस में बातें करते थे। अब सवाल यह है कि अहजम की फेसटाइम आईडी का इस्तेमाल कौन करता था। फिलहाल पुलिस इस मामले में कुछ बोलने को तैयार नहीं है। नाम न छापने की शर्त पर एक अफसर का कहना है कि जांच पड़ताल चल रही है। अतीक के दो नाबालिग बेटे अहजम और अबान अभी राजरूपपुर स्थित बालगृह में रखे गए हैं। धूमनगंज पुलिस की ओर से कोर्ट में जो रिपोर्ट दी गई है उसके मुताबिक दोनों चकिया में लावारिस हाल में घूमते मिले थे जिसके बाद उन्हें बालगृह में आवासित कराया गया है। इनमें से अहजम 17.5 साल का है जबकि अबान की उम्र 15 साल है।

# अतीक और अशरफ के मुकदमों की बंद होगी फाइल

संवाददाता, प्रयागराज। माफिया अतीक अहमद और अशरफ पर विभिन्न अदालतों में चल रहे मुकदमे अब बंद किए जाएंगे। मुकदमों के विवेचकों की ओर से कोर्ट में दोनों की मृत्यु रिपोर्ट दाखिल किए जाने के बाद अदालत इस पर मुहर लगाएगी। शुक्रवार को लखनऊ की सीबीआई कोर्ट ने अतीक के खिलाफ देवरिया जेल में प्रॉपर्टी डीलर मोहित जायसवाल को पीटने के मामले को बंद करके इसकी शुरुआत कर दी है। माफिया अतीक अहमद पर कुल 104 मुकदमे दर्ज हैं। उसके छोटे भाई अशरफ भी 54 मुकदमों में आरोपी था। इनमें से कुछ मामलों में अंतिम रिपोर्ट लग चुकी है, लेकिन कई मामलों में अब भी विवेचना जारी है। बताते हैं कि 50 से अधिक मामले कोर्ट में भी विचाराधीन हैं। 15 अप्रैल को पुलिस कस्टडी में अतीक-अशरफ की हत्या कर दिए जाने के बाद अब इन मुकदमों के चलाए जाने का कोई औचित्य नहीं रह गया है। हालांकि यह तभी संभव होगा जबकि कोर्ट को इसकी औपचारिक सूचना दी जाएगी कि अतीक-अशरफ अब जीवित नहीं हैं। मामलों के विवेचकों की रिपोर्ट के बाद कोर्ट माफिया भाइयों के विरुद्ध फाइल बंद करने के फैसले पर मुहर लगाएगा। हालांकि, जिन मुकदमों में अतीक-अशरफके सिवाय अन्य लोग भी आरोपी हैं, उनके विरुद्ध मामले चलते रहेंगे। लखनऊ स्थित सीबीआई कोर्ट ने शुक्रवार को प्रॉपर्टी डीलर मोहित जायसवाल को अगवा कर देवरिया जेल ले जाकर पिटाई करने और 45 करोड़ की संपत्ति के कागज पर जबरन हस्ताक्षर कराने के मामले से माफिया का नाम हटाते हुए कहा था कि यह सर्वविदित है कि अतीक की हत्या हो चुकी है। इसमें और औपचारिकताओं की कोई आवश्यकता नहीं।

# तो क्या सलोन पुलिस की इशारों पर कस्बे से होकर गुजरता है प्रतिबंधित मछलियों से लदा ट्रक.......



संवाददाता

सलोन/रायबरेली। जिले का सलोन एक ऐसा थाना क्षेत्र बनता जा रहा है जहां प्रतिबंधित व अवैध कार्यों को बखूबी से अंजाम देना आम बात हो चुका है बताते चलें की शनिवार को सोशल मीडिया पर एक ऐसा वीडियो वायरल हुआ जिसमें सलोन पुलिस के ठीक सामने से देश में प्रतिबंधित मांगुर मछली से लदा डीसीएम गुजरा इतना ही नहीं डीसीएम के ऊपर लगाई गई तिरपाल से उछलकर कई मछलियां सड़क पर भी गिर गई जिससे ट्रक सवार नीचे उतर कर मछलियों को डीसीएम में फेंकते हुए नजर आए सबसे अचंभे की बात यह है की यदि सूत्रों की मानें तो इस नजारे का एक स्थानीय निवासी ने जब वीडियो बनाना चाहा तो कोई और नहीं बल्कि खाकी ही वीडियो बनाने से लोगों को रोकते हुए नजर आई किंतु तब तक में दो-तीन वीडियो बनाकर लोगों ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया वायरल वीडियो सलोन कस्बे के मानिक पुर तिराहे का बताया जा रहा है सवाल यह है की आखिर जब थाने व चौकी से कुछ ही मीटर दूरी पर दिनदहाड़े पुलिस के सामने प्रतिबंधित मछलियों की जांच करने के बजाए ट्रक को सकुशल कस्बे से बाहर निकाला जा रहा है तो रात के अंधेरे में सलोन थाना क्षेत्र में क्या-क्या होता होगा इसको तो सलोन पुलिस ही जानती होगी या फिर छिपकर अपने कारनामों को अंजाम देने वाले माहिर ही जानते होंगे आखिर पुलिस व काले कारनामों को अंजाम देने वालों के बीच का यह गठबंधन कब तक चलेगा यह तो आने वाला समय ही बताएगा। हलांकी यह कोई नई बात नहीं है इससे कुछ ही माह पूर्व भी मछलियों से लदे ट्रक को लेकर सलोन पुलिस की काफी फजीहत हो चुकी है किंतु उस मामले को भी छिपाने में सलोन पुलिस सफल हो गई थी।

# धूमधाम से मनाया उप मुख्यमंत्री का जन्मदिन

संवाददाता

प्रयागराज। भाजपा प्रीतमनगर मंडल में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का जन्म दिवस सभी भाजपा कार्यकर्ता ने बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस विशेष अवसर पर फल वितरण किया गया। प्रदेश सह संयोजक राकेश जैन, जिला सह संयोजक सोशल मीडिया शिवाकांत शर्मा, प्रेम केसरवानी राजेश जायसवाल, आदित्य तिवारी, निरंकार त्रिपाठी आदि ने जन्मदिन की बधाई दी। वहीं 7 मई 1969 को सिराथू में जन्मे पले बढ़े और प्रयागराज जिनकी कर्मभूमि रही ऐसी उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का जन्मदिन कटघर स्थित समया माई मंदिर पर हवन पूजन ढोल ताशे पर नृत्य एवं प्रसाद वितरण कर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पंडित विष्णु पांडे के आचार्यत्व में वैदिक मंत्रोचार के द्वारा हवन पूजन संपन्न हुआ। संगठन काल से ही संघर्षों के साथी रहे वरिष्ठ भाजपा नेता पार्षद पवन श्रीवास्तव बतौर मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित हो हवन पूजन करते हुए ईश्वर से उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को निरोग रखते हुए, राजनीतिक क्षेत्र मे शिखर पर पहुंचने की ईश्वर से कामना की। उन्होंने बताया कि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य संघर्ष के पर्याय हैं उन्होंने जीवन पर्यंत समाज की सेवा की और सदा ही संगठन के प्रति निष्ठावान कार्यकर्ता की भाँति कार्य करना ही उनकी लोकप्रियता का सशक्त कारण है उन्होंने आगे बताया कि वह सरल स्वभाव के व्यक्ति हैं और कार्यकर्ताओं से प्रेम पूर्वक बात करते हुए उन्हें पूरा सम्मान और स्नेह भी देते हैं। उक्त अवसर पर पूर्व पार्षद नीरज गुप्ता, गौरीश आहूजा, राजीव टंडन, कृष्ण मुरारी, विनोद सोनकर, शुभेंदु श्रीवास्तव, निखिल केसरवानी, भरत केसरवानी, गोलू श्रीवास्तव, हिमांशु सोनकर, अंकित सोनकर, सुमित सोनकर, संदीप चौहान, कुशाग्र श्रीवास्तव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं व्यापारी एकता समिति उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष विजय गुप्ता की अध्यक्षता में उतर प्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मोर्या का जन्म दिवस मुट्ठीगंज स्थित



पर धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर केक काटकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी गई तत्पश्चात मिठाई का वितरण किया गया। उप मुख्यमंत्री को जन्म दिन की बधाई देने वालों में मुख्य रूप से सर्वश्री राम प्रसाद यादव, मनीष गुप्ता रवि गुप्ता, आरती पूर्णिमा, प्रीति, रानी, सोनी, अतुल, जय श्री, विजय, राहुल, राज, सुनील, मनोज, विपिन, अजय, अनिकेत, जायसवाल, सुनील वैश्य, सुनील त्रिपाठी आदि व्यापारी गण शामिल रहे।

CMYK

# जर्मनी के चांसलर ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अफ्रीका के लिए स्थाई सीट का समर्थन किया



एजेंसी, जर्मनी के चांसलर ओलाफशॉल्ज ने केन्या की यात्रा के दौरान, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई सीट पाने का प्रयास कर रहे अफ्रीकी देशों को समर्थन देने की पेशकश की है। शॉल्ज ने अपने मेजबान राष्ट्रपति विलियम रूटो से कहा कि वह सूडान समस्या सहित अफ्रीकी मुद्दों के अफ्रीका नीत समाधान में यकीन रखते हैं। रूटो के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद शुक्रवार को उन्होंने कहा, ''इसलिए जर्मनी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई अफ्रीकी सीट और जी-20 के भीतर अफ्रीकी संघ के लिए औपचारिक सीट का समर्थन करता है।''

वर्तमान में तीन अफ्रीकी देश गैबॉन, घाना और मोजाम्बिक परिषद के अस्थाई सदस्य हैं। अफ्रीकी देशों को परिषद में कम से कम एक स्थाई सीट देने की मांग का अतीत में संयुक्त राष्ट्र महासचिव सहित कई नेताओं ने समर्थन किया है। शॉल्ज ने सूडान में संघर्ष को लेकर चिंता जतायी और रूटो के मध्यस्थता प्रयासों की तारीफकी। सूडान में हालिया संघर्ष में सैकड़ों लोगों की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि युद्ध में शामिल दोनों जनरल को आम लोगों के लिए युद्ध बंद करना चाहिए। जर्मन चांसलर ने कहा, ''सेना और आरएसएफको सत्ता के लिए अपना सैन्य संघर्ष बंद करना चाहिए। यह देश के लोगों के लिए खतरनाक है।

# आतंकवाद की अनदेखी करना सुरक्षा हितों के लिए हानिकारक होगा : एससीओ बैठक में एस जयशंकर

एजेंसी, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान के अपने समकक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी की मौजूदगी में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में दो टूक कहा कि बिना किसी भेदभाव के आतंकवाद के सभी स्वरूपों और इसके वित्तपोषण को रोकना चाहिए। चीन की 'बेल्ट एंड रोड' पहल को लेकर बढ़ती आलोचना के बीच जयशंकर ने यह भी रेखांकित किया कि संपर्क प्रगति की कुंजी है, लेकिन इसके लिए सभी सदस्य देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को ध्यान में रखना चाहिए। गोवा के 'बीच रिसॉर्ट' में चीन के विदेश मंत्री छिन कांग और रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव तथा एससीओ के अन्य देशों के उनके समकक्षों ने बैठक की। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए जयशंकर ने अफगानिस्तान की स्थिति और कोविड-19 महामारी के प्रभाव के साथ-साथ ऊर्जा, भोजन और उर्वरकों की आपूर्ति को प्रभावित करने वाली भू-राजनीतिक उथल-पुथल के परिणामों पर भी चर्चा की। जयशंकर ने परोक्ष रूप से पाकिस्तान की ओर इशारा करते हुए कहा कि आतंकवाद की अनदेखी करना समूह के सुरक्षा हितों के लिए हानिकारक होगा और जब दुनिया कोविड-19 महामारी और



उसके प्रभावों से निपटने में लगी थी, तब भी आतंकवाद की समस्या ज्यों की त्यों बनी रही। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत का दृढ़ विश्वास है कि आतंकवाद को बिल्कुल उचित नहीं ठहराया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस खतरे से मुकाबला करना एससीओ के मूलभूत कार्यक्षेत्र में शामिल है। उन्होंने कहा, ''हमें किसी भी व्यक्ति या देश को सरकार से इतर तत्वों के पीछे छिपने की अनुमति नहीं देनी चाहिए।'' जयशंकर ने कहा, ''आतंकवाद की अनदेखी करना समूह के सुरक्षा हितों के लिए नुकसानदेह होगा। हमारा दृढ़ विश्वास है कि आतंकवाद को कतई उचित नहीं ठहराया जा सकता है। सीमापार आतंकवाद समेत इसके सभी स्वरूपों का खात्मा किया जाना चाहिए। सदस्यों को यह याद दिलाने की जरूरत नहीं है कि खतरे से मुकाबला करना एससीओ के मूलभूत कार्यक्षेत्र में शामिल है।'' अफगानिस्तान पर उन्होंने कहा, ''उस देश में उभरती स्थिति पर हमारा ध्यान बना हुआ है। हमारे प्रयास अफगान जनता के कल्याण की दिशा में होने चाहिए।'' विदेश मंत्री ने कहा, '' अफगानिस्तान में हमारी तात्कालिक प्राथमिकताओं में मानवीय सहायता पहुंचाना, एक वास्तविक समावेशी सरकार सुनिश्चित करना, आतंकवाद से मुकाबला करना और महिलाओं, बच्चों एवं अल्पसंख्यकों के अधिकार संरक्षित करना शामिल हैं।'' जयशंकर ने कहा कि कनेक्टिविटी के साथ सभी सदस्य देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को ध्यान में रखना चाहिए। भारत बीआरआई का मुखर रूप से आलोचना करता रहा है क्योंकि 50 अरब डॉलर की परियोजना में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) शामिल है। सीपीईसी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से होकर गुजरता है। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत ने एससीओ शिखर सम्मेलन घोषणा के रूप मेंनयी दिल्ली घोषणा पत्र और कट्टरता रोकने पर सहयोग, रणनीति, मोटे अनाजों को बढ़ावा, जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए अनुकूल जीवनशैली और डिजिटल परिवर्तन पर चार संयुक्त घोषणा का भी प्रस्ताव दिया है। एससीओ के वर्तमान अध्यक्ष के रूप में, भारत जुलाई में समूह के वार्षिक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। जयशंकर ने अंग्रेजी को एससीओ की तीसरी आधिकारिक के रूप में स्वीकार करने की भारत की लंबित मांग के लिए सदस्य देशों का समर्थन भी मांगा। वर्तमान में, रूसी और चीनी एससीओ की आधिकारिक भाषाएं हैं। जयशंकर ने स्टार्ट-अप और नवाचार तथा पारंपरिक चिकित्सा पर दो नए कार्य समूहों के गठन को लेकर भारत के प्रस्ताव के लिए सदस्य देशों के समर्थन की भी सराहना की। जयशंकर ने अपने संबोधन में कहा कि दुनिया के सामने मौजूदा संकटों ने वैश्विक संस्थाओं की समयबद्ध और प्रभावी तरीके से चुनौतियों का प्रबंधन करने की क्षमता में विश्वसनीयता और भरोसे की कमी को उजागर किया है। उन्होंने कहा कि एससीओ में सुधार और आधुनिकीकरण अधिक समकालीन दृष्टिकोण प्रदान करेगा जिसका भारत सक्रिय रूप से समर्थन करेगा। अपने संबोधन में बिलावल ने कहा, ''हमारे लोगों की सामूहिक सुरक्षा हमारी संयुक्त जिम्मेदारी है। आतंकवाद वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा बना हुआ है।'' उन्होंने भारतीय पक्ष पर निशाना साधते हुए अपने बयान में कहा, ''राजनयिक लाभ के लिए आतंकवाद को हथियार बनाने के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए।'' बिलावल ने कहा, ''हमें एससीओ के भीतर इन सार्वभौमिक रूप से मान्यता प्राप्त सिद्धांतों के लिए सम्मान सुनिश्चित करना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय कानून और सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन करते हुए राष्ट्रों द्वारा एकतरफा और अवैध कदम एससीओ के उद्देश्यों के विपरीत हैं।'' उन्होंने कहा, ''हमारी समस्याएं अपार लग सकती हैं, लेकिन मेरा मानना है कि एकजुट मानव जाति के रूप में हमारे पास न केवल चुनौतियों से निपटने की क्षमता है, बल्कि सामूहिक कार्रवाई भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करेगी।'' बिलावल ने कहा, ''अगर हमें सफल होना है तो हमें इन मुद्दों को अति-पक्षपातपूर्ण भूराजनीति स्थिति से अलग करना होगा। हमारा बहाना यह नहीं हो सकता कि हम मुकाबले के लिए बहुत विभाजित थे।'' एससीओ एक प्रभावशाली आर्थिक और सुरक्षा समूह है तथा यह सबसे बड़े अंतर-क्षेत्रीय अंतरराष्ट्रीय संगठनों में से एक बनकर उभरा है। एससीओ की स्थापना रूस, चीन, किर्गिज गणराज्य, कजाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपतियों ने 2001 में शंघाई में एक सम्मेलन में की थी। भारत और पाकिस्तान 2017 में इसके स्थायी सदस्य बने थे।

# 3,500 कर्मचारियों को निकालेगी कॉग्निजेंट

## कंपनी खर्चे घटाने के लिए अपने कुछ ऑफिस भी करेगी बंद

एजेंसी, नयी दिल्ली । दिग्गज आईटी कंपनी कॉग्निजेंट ने 3,500 कर्मचारियों को नौकरी से निकालने का फैसला किया है। इसके अलावा कंपनी खर्चे घटाने के लिए अपने कुछ ऑफिस को भी बंद करेगी। कॉग्निजेंट अमेरिका की कंपनी है, लेकिन भारत में इसके संचालन का एक बड़ा हिस्सा है। अमेरिका समेत यूरोपीय देशों में छाई मंदी के कारण आईटी कंपनियों की कमाई पर असर पड़ा है। फिलहाल कॉग्निजेंट में 3 लाख 55 हजार 300 कर्मचारी हैं। कॉग्निजेंट ने साल-दर-साल आधार पर मुनाफे में मामूली 3: की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, कंपनी का रेवन्यू 4.81 अरब डॉलर पर आ गया। रेवन्यू में साल-दर-साल 0.3: की गिरावट आई है। फेसबुक, इंस्टाग्राम और वॉट्सऐप की पेरेंट कंपनी मेटा 10




हजार कर्मचारियों को नौकरी से निकालेगी। ये छंटनी इसी महीने यानी मई से शुरू होगी। मेटा ने इससे पहले 11 हजार कर्मचारियों को निकाला था, जो पूरी वर्कफोर्स का 13: था। टेक कंपनी इंटरनेशनल बिजनेस मशीन्स कॉर्प हायरिंग रोककर एआई जॉब डेवलप करने की योजना बना रही है। कंपनी के सीईओ अरविंद कृष्णा ने ब्लूमबर्ग को दिए एक इंटरव्यू में कंपनी के प्लान का खुलासा किया था। अरविंद ने कहा था कि अभी कंपनी में नॉन कस्टमर फेसिंग रोल में लगभग 26,000 वर्कर्स हैं। मैं अगले 5 साल में एआई और ऑटोमेशन से 30: एम्प्लॉइज को रिप्लेस होते हुए देख रहा हूं। इसका मतलब प्ठड लगभग 7800 एम्प्लॉइज को एआई इसी तरह, अमेरिका की दिग्गज मास मीडिया एंड एंटरटेनमेंट कंपनी वॉल्ट डिज्नी ने भी दूसरे राउंड की छंटनी शुरू कर दी है। इस राउंड की छंटनी में लगभग 4,000 एम्प्लॉइज की नौकरी जाएगी। इससे पहले इस साल की शुरुआत में डिज्नी ने 7,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला था।

# भारतीय मूल के अजय बंगा होंगे वर्ल्ड बैंक के अगले प्रेसीडेंट, 2 जून को संभालेंगे पद

एजेंसी, वाशिंगटन। भारतीय मूल के अमेरिकी उद्यमी अजय बंगा को बुधवार को निर्विरोध विश्व बैंक का अगला अध्यक्ष नियुक्त कर दिया गया। विश्व बैंक ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बंगा की नियुक्ति की जानकारी देते हुए कहा, विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशकों ने अजय बंगा को पांच साल के लिए अध्यक्ष चुन लिया। उनका पांच साल का कार्यकाल दो जून, 2023 से शुरू होगा। मास्टरकार्ड इंक के पूर्व प्रमुख बंगा इस समय जनरल अटलांटिक के वाइस चेयरमैन के रूप में कार्यरत हैं। वह दुनिया के शीर्ष वित्तीय संस्थानों- विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) में से किसी की भी कमान संभालने वाले भारतीय मूल के पहले व्यक्ति हैं। उनका पालन-पोषण भारत में ही हुआ था। उन्हें भारत सरकार वर्ष 2016 में पद्मश्री



पुरस्कार से भी सम्मानित कर चुकी है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने गत फरवरी में 63 वर्षीय बंगा को विश्व बैंक के मुखिया पद के लिए नामित करने की घोषणा की थी। बाइडन ने कहा था कि बंगा इतिहास के इस महत्वपूर्ण क्षण में इस वैश्विक संस्था की अगुवाई करने के लिए सक्षम हैं। विश्व बैंक ने कहा कि निदेशक मंडल को बंगा के साथ मिलकर विश्व बैंक समूह विकास प्रक्रिया पर काम करने का इंतजार है। अप्रैल में संपन्न बैठक में इस विकास प्रक्रिया पर सहमति बनी थी।

# पाकिस्तान में हिंदू युवक की हत्या के आरोपी पुलिस अधिकारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

एजेंसी, पेशावर। पाकिस्तान के सिंध प्रांत में इस सप्ताह की शुरुआत में मुठभेड़ के दौरान एक हिंदू लड़के की हत्या करने के आरोप में एक पुलिस अधिकारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मीडिया में बृहस्पतिवार को आई एक रिपोर्ट से यह जानकारी मिली। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यूनश् की खबर के मुताबिक, मृतक के पिता ने अधिकारियों से शिकायत की थी कि उनके बेटे कमल किशन को पुलिस अधिकारी ने बिना किसी कारण के गोली मारी, जिसके बाद आरोपी फरमान शाह के खिलाफप्राथमिकी दर्ज की गई। प्राथमिकी के मुताबिक, शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी की शादी के लिए उनका बेटा अपने मित्र अनिल के साथ किसी से पैसे लेने गया था और इसी दौरान एक मई की रात को घर वापस लौटने के दौरान पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। आरोप है कि अनिल को अलग जगह ले जाया गया जबकि कमल को फरमान ने गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। शिकायतकर्ता के वकील बाबर मिर्जा ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद तथ्य स्पष्ट हो जाएंगे।

# 62 हजार के करीब पहुंचा सोना, चांदी 76 हजार के पार हुई

एजेंसी, नयी दिल्ली । सर्राफा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, आज सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोने का दाम 521 रुपए बढ़कर 61,565 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं 22 कैरेट सोने की कीमत 56,393 रुपए हो गई है। एक्सपर्ट्स के अनुसार साल के आखिर तक सोना 65 हजार तक जा सकता है। आईबीजेए की वेबसाइट के अनुसार आज चांदी की कीमत में शानदार तेजी देखने को मिली है। ये 1077 रुपए महंगी होकर 76,359 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। इससे पहले ये 75,282 रुपए पर थी। मई महीने के 4 दिनों में ही सोना 1,396 रुपए महंगा हुआ है।

# चीन में सबसे अधिक पत्रकारों को जेल में डाला गया

एजेंसी, चीन पत्रकारों को सलाखों के पीछे भेजने के मामले में पिछले साल शीर्ष पर रहा। वर्ष 2022 के दौरान 100 से अधिक पत्रकारों को उसने कैद में डाला। यह खुलासा प्रेस आजादी समूह ने किया है। समूह के मुताबिक यह इसलिए हुआ, क्योंकि चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग की सरकार ने समाज पर नियंत्रण को और सख्त कर दिया है। 'रिपोर्टर्स विदआउट बॉर्डर' द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक शी सरकार दुनिया में दुष्प्रचार सामग्री का सबसे बड़ा निर्यातक है। समूह के प्रेस की आजादी को लेकर जारी वार्षिक सूचकांक के मुताबिक पड़ोसी उत्तर कोरिया के बाद चीन प्रेस की आजादी में नीचे से दूसरे पायदान पर है। गौरतलब है कि कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा शासित चीन में पहले ही मीडिया पर कड़ा नियंत्रण है और सभी अखबार और टेलीविजन चौनल सरकार के आधिपत्य में हैं। 'रिपोर्टर्स विदआउट बॉर्डर' ने कहा, ''शी पत्रकारिता के खिलाफ योद्धा की भूमिका निभा रहे हैं।''

# चीन के विदेश मंत्री भारत में एससीओ की बैठक के बाद करेंगे पाकिस्तान की यात्रा

एजेंसी, बीजिंग। चीन के विदेश मंत्री छिन कांग गोवा में भारत की मेजबानी में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में शिरकत करने के बाद शुक्रवार को दो दिन की पाकिस्तान यात्रा पर रवाना हो जाएंगे। बृहस्पतिवार को यहां यह जानकारी दी गई। छिन पणजी में चार और पांच मई को हो रही एससीओ के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग ले रहे हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी भी इस बैठक में शामिल हो रहे हैं। भारत और पाकिस्तान के अलावा चीन, रूस, कजाखस्तान, किर्गिजस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान एससीओ के सदस्य देशों में शामिल हैं। भारत इस वर्ष संगठन की अध्यक्षता कर रहा है। दिलचस्प बात यह है कि चीन के विदेश मंत्रालय ने दो मई को कहा था छिन कांग भारत और म्यांमा की यात्रा पर जाएंगे, उसने पाकिस्तान यात्रा का जिक्र नहीं किया था,वहीं पाकिस्तान के मीडिया में चीनी विदेश मंत्री की यात्रा की खबर थी।

चीन के विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान यात्रा को लेकर बृहस्पतिवार को अलग से जानकारी दी। इस यात्रा के दौरान वह चीन, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों की एक बैठक में हिस्सा लेंगे ।छिन की पाकिस्तान यात्रा की घोषणा करते हुए चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि प्रभार संभालने के बाद यह उनकी पाकिस्तान की पहली यात्रा है तथा '' चीन और पाकिस्तान के शीर्ष स्तरों पर होने वाली बातचीत का अहम हिस्सा है।

# लंदन में सिखों पर मंडरा रहा खतरा

## खालिस्तान का विरोध करने वाले सिख रेस्तरां मालिक पर तीन बार हमला

एजेंसी, लंदन। खालिस्तान समर्थकों ने एक बार फिर भारत के खिलाफ हिंसक गतिविधियों को बढ़ावा देना शुरू कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूके और अमेरिका में भारतीय संस्थानों और हिंदू मंदिरों को निशाना बनाने के बाद अब लंदन में खालिस्तान समर्थक इन उग्रवादियों ने हिंदुस्तान के समर्थकों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। खासतौर पर वो सिख उनके निशाने पर हैं जो खालिस्तान आंदोलन का विरोध कर रहे हैं। ऐसे पीड़ित सिखों का आरोप है कि उन्हें पुलिस से भी पर्याप्त सुरक्षा नहीं मिल पा रही है। खालिस्तान विरोधी एक पोस्ट को लेकर हाल ही में यूके के एक सिख रेस्तरां



मालिक को जान से मारने की धमकी मिली है। लंदन में भारतीय उच्चायोग द्वारा तोड़-फोड़ किए जाने के कुछ दिनों बाद कुछ दिन पहले खालिस्तान समर्थकों द्वारा लंदन के एक सिख रेस्तरां के मालिक हरमन सिंह कपूर के रेस्तरां पर हमला किया गया था। कपूर ने सवाल उठाते हुए पूछा कि क्या हमें पुलिसिया कार्रवाई करने के लिए मरना होगा। कपूर सोशल मीडिया पर खालिस्तान आंदोलन विरोधी एक वीडियो पोस्ट करने के बाद से अपनी जान का खतरा झेल रहे हैं। हरमन, उनकी पत्नी खुशी और दो बच्चों ने आरोप लगाया है कि अब तक उन पर तीन बार हमला किया गया है। सोशल मीडिया पर उन्हें लगातार ट्रोल किया जा रहा है और धमकी भरे कॉल्स से डराया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि वीडियो पोस्ट करने के बाद से उनकी कार का पीछा किया जा रहा था, जिसमें उन्होंने विदेशों से खालिस्तान समर्थक आंदोलन पर सवाल उठाया था। हरमन ने कहा कि हमले तब शुरू हुए जब उन्होंने टिकटॉक पर एक वीडियो पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि यह खालिस्तान आंदोलन कुछ समय पहले शुरू हुआ था। आज कनाडा, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में बसे लोगों का एक वर्ग खालिस्तान चाहता है, लेकिन भारत में लोग ऐसा नहीं चाहते हैं।

# 72 डॉलर पर आया कच्चा तेल

## पेट्रोल-डीजल के दामों में बदलाव नहीं

एजेंसी, नयी दिल्ली । अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में गिरावट जारी है। ब्रेंट क्रूड 72 डॉलर पर आ गया है। हालांकि, पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 96.72 रुपए, जबकि डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर बिक रहा है। वहीं देश के 16 राज्यों में पेट्रोल 100 रुपए लीटर के ऊपर बना हुआ है। भारत में सबसे महंगा फ्यूल राजस्थान के श्रीगंगानगर में बिक रहा है। यहां एक लीटर पेट्रोल की कीमत 113.30 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमत 98.07 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गई है। वहीं महाराष्ट्र के परभणी में पेट्रोल 109.26 रुपए प्रति लीटर और डीजल 95.66 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है। आखिरी बार मई 2022 में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव किया गया था। तब पेट्रोल पर 8 रुपए और डीजल पर 6 रुपए प्रति लीटर उत्पाद शुल्क घटाया गया था। इससे पेट्रोल और डीजल के दाम 9.5 रुपए और 7 रुपए कम हो गए थे। जुलाई 2022 में, महाराष्ट्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर वैट में 5 रुपए और 3 रुपए प्रति लीटर की कटौती की थी। देश के 16 राज्यों में पेट्रोल 100 रुपए प्रति लीटर के ऊपर है। मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक, मणिपुर, तेलंगाना, पंजाब, झारखंड, सिक्किम, ओडिशा, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के सभी जिलों में पेट्रोल 100 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं डीजल की



बात करें तो ये ओडिशा, राजस्थान और मध्य प्रदेश में 100 रुपए से भी ऊपर निकल गया है। कच्चे तेल के दाम गिरने के चलते देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी आ सकती है। इंटरनेशनल बाजार में कच्चे तेल (ब्रेंट) 72 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है। तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल पर हुए पुराने नुकसान की भरपाई कर ली है। पेट्रोल-डीजल की रिटेल बिक्री पर उन्हें अब फायदा हो रहा है। ऐसे में आने वाले दिनों में इनके दामों में कमी आ सकती है।

# कोल इंडिया का उत्पादन अप्रैल में 7.7 प्रतिशत बढ़कर 5.76 करोड़ टन पर

एजेंसी, नयी दिल्ली । दुनिया की सबसे बड़ी कोयला खनन कंपनी कोल इंडिया लि. (सीआईएल) के कोयला उत्पादन में अप्रैल में 7.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इसके साथ ही कोल इंडिया की विभिन्न उपयोगकर्ताओं को कोयले की आपूर्ति भी बेहतर रही है। कोल इंडिया ने मंगलवार को बयान में कहा कि उसने अप्रैल में 'ओवरबर्डन रिमूवल' (ओबीआर) यानी में एक साल पहले के इसी महीने की तुलना में 31 प्रतिशत की प्रभावी वृद्धि दर्ज की है। कोयला खानों से कोयला निकालने में जब मिट्टी और पत्थर की परतें हटाने की जरूरत पड़ती है, तो इसे ओबीआर कहा जाता है। ओबीआर की लागत काफी ऊंची बैठती है। कंपनी ने कहा कि इससे उसे आगामी मानसून के महीनों में उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। कंपनी ने सालाना आधार पर गैर-विनियमित क्षेत्र (एनआरएस) को



आपूर्ति में 44 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। इन गर्मियों में बिजली की मांग नए उच्चस्तर पर पहुंचने की संभावना के बीच कोल इंडिया अपना उत्पादन और आपूर्ति बढ़ा रही है। सरकार पहले ही कोयला आधारित बिजली संयंत्रों को अपनी पूरी क्षमता पर परिचालन करने का निर्देश दे चुकी है। देश में 70 प्रतिशत बिजली उत्पादन कोयले के जरिये होता है। आंकड़ों के अनुसार, कोल इंडिया का उत्पादन अप्रैल में 7.7 प्रतिशत बढ़कर 5.76 करोड़ टन रहा है। अप्रैल, 2022 में कंपनी ने 5.35 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया था। कंपनी ने कहा कि ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि. (ईसीएल) को छोड़कर उसकी सभी अनुषंगियों ने अप्रैल में अपना सबसे ऊंचा उत्पादन दर्ज किया है।

CMYK

## करण जौहर की तरह ही सलमान खान भी बनना चाहते थे बिना शादी के पिता, लेकिन तभी बदल गया कानून



सलमान खान हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में सबसे लोकप्रिय और काबिल अभिनेताओं में से एक है। उन्हें बॉलीवुड का भाई भी कहा जाता है। अपने अद्भुत अभिनय कौशल और सुखद व्यक्तित्व के कारण अभिनेता पिछले 34 वर्षों से लाखों दिलों पर राज कर रहे हैं। हालांकि, सलमान की लव लाइफ उनके प्रोफेशनल करियर की तरह नहीं चल रही है। 57 साल की उम्र में भी अभिनेता सिंगल हैं। हाल ही में उन्होंने अपने असफल रिश्तों, शादी की योजना, पितृत्व और बहुत कुछ के बारे में बात की। हाल ही में, सलमान खान लोकप्रिय भारतीय टीवी शो आप की अदालत में अपनी फिल्म किसी का भाई किसी की जान के प्रचार के लिए पहुंचे। शो के दौरान अभिनेता ने अपने असफल रिश्तों के बारे में खुलकर बात की। शो के होस्ट रजत शर्मा द्वारा पूछे जाने पर कि क्या वह अपनी प्रेम कहानियों पर एक आत्मकथा लिखने और सभी छिपे हुए विवरणों को प्रकट करने की योजना बना रहे हैं, सलमान ने एक मजेदार जवाब दिया। सुपरस्टार ने ऐसी किसी भी योजना से इनकार करते हुए कहा इसी बातचीत में सलमान ने अपनी शादी की योजना के बारे में भी खुलकर बात की। उसी के बारे में बात करते हुए, अभिनेता ने कहा कि यह तब होगा जब भगवान फैसला करेगा। सलमान ने यह भी उल्लेख किया कि कैसे उनके रिश्ते कभी शादी के स्तर तक नहीं बढ़े और खुलासा किया कि उनकी या उनकी पूर्व गर्लफ्रेंड की ओर से हमेशा नहीं था। आगे उसी बातचीत में सलमान ने अपनी सभी पूर्व गर्लफ्रेंड की तारीफ की और कहा कि उनकी वजह से उनके रिश्ते नहीं चल पाए। उनके शब्दों में जब खुदा तय करेगा तो हो जाएगा। शादी के लिए दो लोगों की जरूरत होती है। पहले मामले में शादी नहीं हुई। जब मैंने हां कहा तो किसी ने कहा नहीं। जब किसी ने हां कहा तो मैंने कहा नहीं। अब वहां था। दोनों तरफ से नहीं। जब हम दोनों हां कहेंगे, तो शादी हो जाएगी। अभी भी समय है। मैं 57 साल का हूं। मैं चाहता हूं कि इस बार यह पहली और आखिरी हो। दरअसल, मेरी पिछली सभी गर्लफ्रेंड अच्छी थीं। दोष मुझमें है।

››› बॉलीवुड ‹‹‹

## जाह्नवी कपूर के फोन वॉलपेपर को देख बोले फैंस, मां को खोने का दर्द उसकी आंखों में दिखता है



बॉलीवुड में दिन प्रति दिन खुद को निखार रही एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर बॉलीवुड में यंग जनरेशन की सबसे सक्सेसफुल और टैलेंटेड एक्ट्रेसेस में से एक गिनी जाने वाले अभिनेत्री बनती जा रही हैं। समय के साथ जाह्नवी की एक्टिंग में काफी निखार आया है और उन्होंने ये साबित कर दिया है कि वे फिल्मों के लिए बनी हैं। उन्होंने खुद पर उठने वाली हर एक ऊँगली को अपने काम के बल से मुँह-तोड़ जवाब दिया है। वैसे तो ये सभी जानते हैं कि जाह्नवी कपूर अपनी दिवंगत मां और एक्ट्रेस श्रीदेवी के बहुत ही करीब थीं। वह उनकी पहली बेटी थी तो दोनों ही माँ-बेटी के बीच एक अनोखा ही बांड था। वहीं मां के जाने के बाद एक भी दिन ऐसा नहीं है जब 'धड़क' स्टार ने उन्हें याद नहीं किया हो। उन्होंने कई मौकों पर और अपने ज्यादातर इंटरव्यू के दौरान मां श्रीदेवी के बारे में बात की है। और अपने हर एक खास पल से पहले उन्हें याद करते हुए अपने काम की शुरुआत की हैं। हाल ही में जब मिली एक्ट्रेस को पैपराजी ने देखा तो उनके फोन के वॉलपेपर पर उनकी दिवंगत मां के लिए प्यार साफ नजर आया। जाह्नवी कपूर को बीती रात शहर में स्पॉट किया गया था। कैजुअल आउटफिट में एक्ट्रेस काफी प्यारी लग रही थीं। उन्होंने बेज कलर की पैंट के ऊपर ग्रे कलर की ओवरसाइज हुडी पहनी थी। पैपराजी के तस्वीरें क्लिक करने पर जाह्नवी मुस्कान को अपने हाथ से छिपाने की कोशिश करती नजर आई। अभिनेत्री ने नो-मेकअप लुक दिया और अपने कर्ली हेयर्स को खुला छोड़ा हुआ था इस दौरान एक्ट्रेस की एक ऐसी बात भी थी जो उनके फैंस ने नोटिस कर ली। वहीं अपनी कार में बैठते हुए एक्ट्रेस ने अपना फोन चार्जिंग पर लगाया और इसी के साथ उनके फोन के वॉलपेपर पर श्रीदेवी के साथ उनकी प्यारी तस्वीर नजर आई। ये तस्वीर जाह्नवी के बचपन की लग रही थी जिसमें दिवंगत एक्ट्रेस अपनी प्यारी बेटी को गोद में लिए हुए थीं। इससे जाह्नवी का प्यार और माँ के लिए उनकी याद आज भी उस तस्वीर की तरह ही नजर आई। वहीं जाह्नवी कपूर की ये वीडियो वायरल होने के बाद फैंस अपना रिएक्शन दे रहे हैं. एक फैन ने लिखा, उसके फोन पर श्रीदेवी जी का वॉलपेर है. वहीं एक और फैन ने लिखा, मां बेटी का रिश्ता इस दुनिया का सबसे खूबसूरत रिश्ता है. जो मां के जाने के बाद भी बना रहता है. लव यू मां. एक अन्य फैन ने लिखा, उसे यह दर्द हमेशा के लिए है मैं उसकी आंखों में महसूस कर सकती हूं ... एक माँ को खोना एक लड़की के लिए बहुत बड़ी बात है .... क्योंकि अब वह बहुत अच्छा कर रही है और मां ये देखने के लिए नहीं है ... मैंने अपनी मां को खो दिया है इसलिए मैं उसके दर्द को हमेशा महसूस कर सकती हूं ..! बात करे एक्ट्रेस के वर्क फ्रंट कि तो जाह्नवी कपूर ने हाल ही में 'मिस्टर एंड मिसेज माही' की शूटिंग पूरी की है। इस फिल्म में वह राजकुमार राव के साथ नजर आएंगी। इसके अलावा जाह्नवी के पास वरुण धवन के साथ 'बवाल' है। नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित यह फिल्म 6 अक्टूबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। वह जूनियर एनटीआर की 'एनटीआर 30' का भी हिस्सा हैं। उन्होंने हाल ही में फिल्म की शूटिंग शुरू की है।

## द केरल स्टोरी फिल्म देखने के बाद लोगों ने लगाएं जय श्री राम के नारे, कहा, योगी सरकार इस फिल्म को करें टैक्स फ्री




राजधानी लखनऊ में द केरला स्टोरी फिल्म रिलीज हुई सुबह का पहला शो देखने के लिए लोगों की लाईन लग गई। लखनऊ के हजरतगंज स्थित नॉवल्टी सिनेमा घर में बढ़ चढ़कर लोग इस फिल्म को देखने के लिए पहुंचे फिल्म को देखकर बाहर निकले लोगों ने जय श्री राम के नारे लगाए और द केरला स्टोरी की जमकर तारीफ की। इसके साथ ही सरकार से द केरला स्टोरी को टैक्स फ्री करने की मांग भी की। बता दें कि फिल्म 'द केरल स्टोरी'को लेकर विवाद भी हो रहा है। इस फिल्म को बैन करने की मांग भी गई है। वहीं, कई राजनीतिक पार्टियों ने आपत्ति जताई है और फिल्म को बैन करने की मांग भी की थी। मामला कोर्ट तक जा पहुंचा। वहीं मद्रास हाई कोर्ट ने गुरुवार को फिल्म पर बैन लगाने से इनकार कर दिया है। 'द केरल स्टोरी' फिल्म पर आरोप लग रहे हैं कि यह केरल राज्य की छवि खराब करने की कोशिश है।साथ ही यह फिल्म सांप्रदायिक सौहाद्र के लिए भी खतरनाक है। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने भी इस पर आपत्ति जताई है। उन्होंने इस फिल्म की कहानी को फर्जी बताया है और कहा कि इस फिल्म को नफरत फैलाने के मकसद से बनाया गया है। दरअसल, फिल्म के टीजर में दावा किया गया था कि केरल में 32000 महिलाओं का धर्म परिवर्तन किया गया और उन्हें आतंकी बनने के लिए आईएसआईएस के कैम्प भेजा गया।

## बहन की शादी में बेहद ही स्टाइलिश दिखी रुबीना दिलैक, ब्राइडल एंट्री में पति के साथ की फुल ऑन मस्ती



बिग बॉस से खतरों के खिलाडी तक में अपना जलवा दिखा चुकी मशहूर अभिनेत्री रुबीना दिलैक की दो बहनें हैं। जिनका नाम ज्योतिका दिलैक और रोहिनी दिलैक हैं। इसमें से आप उनकी छोटी बहन ज्योतिका को तो जानते ही हैं लेकिन क्या आप उनकी बड़ी बहन रोहिनी दिलैक को जानते हैं ? ज्योतिका का तो आप लोग फिर भी रुबीना के साथ कई बार पोस्ट और टीवी पर देखते ही रहते हैं। वह 'बिग बॉस 14' में भी अपनी बहन का मनोबल बढ़ाने आ चुकी हैं। लेकिन इसके अलावा रुबीना की एक बड़ी बहन भी है, जिनका नाम रोहिनी दिलैक है। वह लाइमलाइट की दुनिया से कोसो दूर रहती हैं। उन्हें आपने रुबीना के साथ कम देखा होगा, क्योंकि वह कनाडा में रहती हैं। रुबीना की छोटी बहन की कुछ दिन पहले ही शादी हुई थी, अब उनकी बड़ी बहन की भी शादी हो गई है। जिनकी तस्वीरें आते ही सोशल मीडिया पर इन थ्री सिस्टर्स ने आग लगाई हुई हैं। रुबीना दिलैक की बहन की शादी के मोमेंट्स को कैप्चर करने वाले 'द स्मार्ट क्लिक' ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रोहिनी की शादी का वीडियो शेयर किया है, जिसमें ब्राइडल एंट्री से लेकर सात फेरे तक की सारी रस्में दिखाई गई हैं। इस शादी को दिलैक परिवार ने कितना एन्जॉय किया हैं ये तो आप इन तस्वीरो में देख कर पता लगा ही लेंगे। फूलों के चादर के नीचे रोहिनी दिलैक की ब्राइडल एंट्री कराइ गयी, उनके साथ उनकी दोनों बहनें और जीजू भी थे। इस दौरान रुबीना, अभिनव, ज्योतिका और उनके पति रजत फुल ऑन मस्ती के मूड में नजर आये। रोहिनी ने अपनी शादी में लाल रंग का जोड़ा पहना था। लंबा घूंघट लिए, हैवी ज्वेलरी और कम से कम मेकअप में भी रोहिनी की खूबसूरती उनके रूप पर चार-चाँद लगा रही थी। उनके दूल्हे राजा भी व्हाइट शेरवानी में अपनी लेडीलव के साथ बखूबी ट्विन कर रहे थे। रुबीना दिलैक ने अपनी बहन की शादी में येलो कलर की ड्रेस का चुनाव किया था। जिसके साथ एक्ट्रेस ने हैवी नेकलेस पहना हुआ था जो उनके ऑउटफिट के साथ खूब जच रहा था। बालों को पोनीटेल में बांधे हुए और साथ ही कम मेकअप से अपने लुक को पूरा किया हुए रुबीना एक दम गॉर्जियस लग रही थी। तो वहीं, उनके पति ब्लैक शेरवानी में काफी जच रहे थे। रुबीना दिलैक की बहन की शादी का ये वीडियो काफी पसंद किया जा रहा है। इससे पहले रुबीना ने बहन की हल्दी-मेहंदी सेरेमनी की तस्वीरें भी शेयर की थीं।



››› बॉलीवुड ‹‹‹

## आसिम रियाज और हिमांशी खुराना ने एक दूसरे को किया अनफॉलो 4 साल बाद आई ब्रेकअप की खबर

बिग बॉस 13 में एक यादगार जोड़ी देखने को मिली थी। इस शो में एक लव स्टोरी की शुरुवात हुई जो अभी भी लोगों को काफी पसंद आती है। हम यहां बात कर रहे हैं आसिम रियाज और हिमांशी खुराना की, जिनके रिश्ते को अब 4 साल हो चुके हैं। ये दोनों शो से ही एक-दूसरे को डेट कर रहे है। लेकिन अब इस कपल को लेकर एक ऐसी खबर सामने आई है जिसके बाद फैंस को एक बड़ा झटका लग सकता है। सामने आ रही खबरों की मानें तो इन दोनों के बीच रिश्ता पहले जैसा नहीं रहा और इन्होंने अब रिश्ते को खत्म कर दिया है। जी हां, अब आसिम रियाज और हिमांशी खुराना के ब्रेकअप की खबर सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स का दावा है कि आसिम और हिमांशी एक-दूसरे से अलग हो गए हैं। इतना ही नहीं हिमांशी ने आसिम को सोशल मीडिया पर भी अनफॉलो कर दिया है। यहां तक कि इस कपल ने सोशल मीडिया से साथ में अपनी सारी तस्वीरें भी डिलीट कर दी है। जिसका बाद सब यही समझ रहे हैं कि शायद ये दोनों ब्रेकअप की ओर इशारा कर रहे हैं।आपको बता दें कि ये पहली बार नहीं है जब आसिम और हिमांशी के ब्रेकअप की खबर सामने आई हो। इससे पहले भी दोनों ने अपने ब्रेकअप को लेकर काफी हिंट दिए थे, लेकिन सोशल मीडिया पर कभी भी एक-दूसरे को अनफॉलो नहीं किया। लेकिन इस बार वो भी हो गया। अब ये देखकर दोनों के ही फैंस काफी हैरान हैं। किसी को भी समझ नहीं आ रहा कि ये अचानक क्या हो गया अभी तक तो सब ठीक चल रहा था। हालांकि, इस खबर को अभी तक कंफर्म नहीं किया गया है। ऐसे में कुछ भी पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता।



स्टार एक्सप्रेस
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक नरेन्द्र कुमार द्वारा सांई ऑफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन, कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं एमजी-18, सेक्टर-सी, अलीगंज, लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादकः नरेन्द्र कुमार । (पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा) R.N.I. No.- UPHIN/2008/24076 Email Id : starexpressnews@gmail.com